

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

■ रायपुर, मंगलवार 12 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-253 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.


# 13 से विष्णुदेव के साये में छत्तीसगढ़

## साइंस कालेज मैदान में शपथ ग्रहण ■ मोदी,शाह रहेंगे मौजूद

**रायपुर, 12दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**



छत्तीसगढ़ भाजपा विधायक दल के नेता विष्णुदेव साय 13दिसंबर को साइंस कालेज मैदान में दोपहर 2 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उन्होंने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन शपथ दिलायेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,गृहमंत्री अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। ऐसा बताया जा रहा है कि उपमुख्यमंत्री के रूप में अरुण साव व विजय शर्मा भी शपथ ले सकते हैं। कल मंत्री के रूप में विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी या नहीं यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे।

वैसे चर्चा यह है कि बृजमोहन अग्रवाल,राजेश मूणत,अमर अग्रवाल,रेणुका सिंह या लता उसेंडी, विजय शर्मा, ओपी चौधरी और केदार कश्यप मंत्रिमंडल का चेहरा हो सकते हैं। साथ ही यह भी खबर आ रही है कि अगला प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी वर्ग से होगा। इस रेस में नारायण चंदेल और विजय बघेल को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।



छत्तीसगढ़ के नये मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां राजधानी रायपुर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के मैदान में जोर-शोर से की जा रही है। कल वरिष्ठ अधिकारियों ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूर्व मंत्री और नारायणपुर विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक केदार कश्यप, नवनिर्वाचित विधायक रायगढ़ ओमप्रकाश चौधरी और विधायक बलौदाबाजार टंकराम वर्मा ने भी साइंस कॉलेज मैदान पहुंचकर शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन विशाल मंच बनाए जा रहे हैं, जिसमें बीच के मंच में शपथ ग्रहण होगा तथा एक ओर अतिविशिष्ट आमंत्रित व्यक्तियों तथा दूसरी ओर नवनिर्वाचित विधायकों के लिए मंच बनाया जा रहा है। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में विशिष्ट अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आमजनों के बैठने के लिए अलग-अलग सेक्टर बनाए जा रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा लोग शपथग्रहण को देख सके इसके लिए एल.ई.डी. स्क्रीन भी लगायी जा रही है।

### साय ने बघेल,बैज व टीएस को आमंत्रित किया

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को आज टेलीफोन किया है. 13 दिसंबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है.

## संक्षेप

### अमित शाह को हिस्ट्री नहीं पता है:राहुल

**नई दिल्ली,12 दिसंबर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 पर चर्चा के दौरान देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पर जमकर हमला बोला था. गृहमंत्री ने कहा कि अगर सीजफायर नहीं होता, तो आज PoK नहीं होता. साथ ही कहा कि अगर 2 दिन रुक जाते तो पूरा पीओके तिरंगे के तले आ जाता. अमित शाह के इस बयान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी है. राहुल गांधी ने कहा कि अमित शाह को इतिहास नहीं पता है. वायनाड सांसद ने कहा, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भारत के लिए अपनी जिंदगी दे दी, सालों जेल में रहे. गृह मंत्री अमित शाह को शायद इतिहास नहीं मालूम. ये बात केवल भ्रमित करने के लिए की गई है. मूल मुद्दा जातीय जनगणना, भागीदारी और देश का धन किसके हाथों में जा रहा है, ये है. इस मुद्दे पर ये लोग चर्चा नहीं करना चाहते हैं, इससे डरते हैं, भागते हैं. हम इस मुद्दे को आगे लेकर जाएंगे और गरीब लोगों को उनका हक हम दिलाएंगे. अमित शाह ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि वह आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्तर पर बदलाव देखने में असमर्थ है और दावा किया कि पूरा देश समझ गया है कि कश्मीर पर पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 'गलतियां' थीं, जिसके कारण यह स्थिति पैदा हुई. उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय में देरी हुई क्योंकि एक व्यक्ति को यह काम सौंपा गया था और इससे पाकिस्तान को कश्मीर पर हमला करने का मौका मिल गया. उन्होंने कहा कि अगर सीजफायर नहीं हुआ होता तो पीओके नहीं होता.

### भाजपा विधायक ईश्वर साहू को जेड श्रेणी की सुरक्षा

**रायपुर,12 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में साजा विधानसभा से बीजेपी के नवनिर्वाचित विधायक ईश्वर साहू को जेड सुरक्षा दी गई हैं, बता दें कि सीएम, पूर्व सीएम के बाद ईश्वर साहू सर्वाधिक सुरक्षा वाले विधायक होंगे। पूर्व सीएम रमन सिंह को ब्लैक कैट कमांडो, निवृतमान सीएम बघेल को जेड प्लस की सुरक्षा रहेगी। आपको बता दें चुनाव में ईश्वर साहू ने 7 बार के विधायक रविंद्र चौबे को पराजित किया है। ईश्वर को दी गई इस सुरक्षा के पीछे उन्हें और परिवार पर थ्रेट को कारण बताया जा रहा है। साजा के बिरनपुर में कुछ महीने पहले ईश्वर के पुत्र की विशेष समुदाय के लोगों ने हत्या कर दी थी। बताया जा रहा है कि उसके बाद से ईश्वर का परिवार दहशत और धमकियों में दिन गुजार रहा है।

### देश में नैनो यूरिया का उत्पादन बढ़ाया जा रहा: मांडविया

**नई दिल्ली,12 दिसंबर।** सरकार ने राज्यसभा को बताया कि देश में नैनो यूरिया के नौ संयंत्र काम कर रहे हैं और वर्ष 2025 तक 13 संयंत्र काम करना शुरू कर देंगे जिनकी क्षमता नैनो यूरिया की 44 करोड़ बोतल उत्पादन करने की होगी। रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को राज्यसभा को बताया कि देश में उर्वरक उत्पादन 285 लाख टन तक पहुंच गया है और इसे निरंतर बढाया जा रहा है जिससे कि इस क्षेत्र में आयात पर निर्भरता को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश में उर्वरक की जरूरतों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय यूरिया नीति के तहत सभी संयंत्रों में उत्पादन क्षमता बढायी जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी चीन सहित कुछ देशों से करीब 200 लाख टन यूरिया का आयात किया जाता है। इसके लिए सभी से निविदा मंगायी जाती हैं और पारदर्शी तरीके से खरीद की जाती है।

## राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर हमला

### राज्यपाल बोले सीएम के निर्देश पर हुआ है हमला

**त्रिवेंद्रम,12 दिसंबर।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर उन्हें शारीरिक रूप से चोट पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए उनकी आलोचना की है. आरिफ मोहम्मद खान ने यह गंभीर आरोप ऐसे वक्त लगाया जब उनके वाहन को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र शाखा स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के कार्यकताओं ने कथित तौर पर उस समय टक्कर मार दी, जब वह दिल्ली जाने के लिए तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जा रहे थे. राज्यपाल ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा ऐसा लगता है कि संविधान ध्वस्त हो रहा है. संवैधानिक मशीनरी के पतन की अनुमति नहीं दी जा सकती, खान ने कहा कि गुंडे तिरुवनंतपुरम की सड़कों पर राज करने की कोशिश कर रहे हैं. राज्यपाल ने कहा आज गुंडे तिरुवनंतपुरम की सड़कों पर शासन करने की कोशिश कर रहे हैं. जब वे आए, मैंने अपनी कार रोकी और मैं (अपनी कार से) उतर गया. वे क्यों भाग गए? मैंने क्या किया है? क्योंकि मैं ऐसा नहीं करना चाहता वे अपनी रणनीति के कारण दबाव में हैं, इसलिए वे मुझे धमकाने की कोशिश कर रहे हैं. वे मुझे डराने की कोशिश कर रहे हैं. मैं चीजों को हल्के में लेने वाला व्यक्ति नहीं हूं, खान ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य पुलिस पर मिलीभगत करने का भी आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि वे मेरी कार के सामने आए. जब वे आये तो मैंने अपनी कार रोकी और मैं अपनी कार से नीचे उतर गया. उन्होंने मेरी कार को दोनों तरफ से टक्कर मारी. क्या वे किसी को सीएम की कार के पास आने देंगे?



उन्होंने कहा कि पुलिस उन्हें जानती थी लेकिन जब सीएम उन्हें निर्देश दे रहे हों तो पुलिस क्या कर सकती है.

## 11 लोकसभा सीटें पीएम मोदी की झोली में देंगे : अरुण साव

**रायपुर,12 दिसंबर।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने विपक्ष के नेताओं को आमंत्रण पर कहा, पूरे छग को आमंत्रित किया है तो विपक्ष के नेता भी आमंत्रित है. राजनीतिक और धार्मिक संगठन को समारोह के साक्षी बने आमंत्रित करता हूं. कितने लोग शपथ लेंगे इस पर अरुण साव ने कहा कि कितने लोग शपथ लेंगे यह समय पर पता चल जायेगा. जनता को किस तरह से साधेंगे इसपर अरुण साव ने कहा कि बीजेपी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है. हर एक कार्यकर्ता की चिंता पार्टी करती है. संगठन के काम और समाजसेवा में सबका उपयोग करने वाले है. मिशन 2024 को लेकर अरुण साव ने कहा, एक-एक कार्यकर्ता संकल्पित है. 11 लोकसभा सीटें पीएम मोदी की झोली में डालने के लिये. दीपक बैज के कार्रवाई वाले बयान पर साव बोले, कांग्रेस का अपना अंदरूनी मामला है. जिस प्रकार की बातें आई है. छग की जनता को पांच साल तक इन्होंने ठगा है. शपथ ग्रहण समारोह पर अरुण साव ने कहा, छग की जनता ने वोट प्रतिशत और सीटों के हिसाब से बीजेपी को ऐतिहासिक जनमत दिया है. कल शपथ ग्रहण होगा, शपथ ग्रहण ऐतिहासिक होने वाला है. समारोह में आशीर्वाद देने पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, सहित अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री व नेता आने वाले हैं.



## 70 साल से उसकी डकैतियां प्रसिद्ध: मोदी

**नई दिल्ली,12दिसंबर।** आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे लेकर कांग्रेस पर तंज किया है। भाजपा द्वारा ट्वीट किए गए पोस्ट को शेयर करते हुए मोदी ने लिखा कि भारत में, 'मनी हीस्ट' कथा की जरूरत किसे है, जब आपके पास कांग्रेस पार्टी है, जिसकी डकैतियां 70 वर्षों से प्रसिद्ध हैं और गिनती में आने वाली हैं! इससे पहले भी मोदी ने इस मामले को लेकर एक ट्वीट किया था जिसमें उन्होंने कहा था कि देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें। जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। वहीं, केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता किरण रीजीजू ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद), तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सहित कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के नेताओं के खिलाफ कथित घोटालों और भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों का जिक्र किया। रीजीजू ने कहा, कांग्रेस और उसके मित्रों ने भ्रष्टाचार की ऐसी बीमारी फैला दी है जिसके खिलाफ न केवल सरकार को बल्कि देश के लोगों को भी आंदोलन शुरू करना होगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस के भ्रष्टाचार की दुकान को बंद किया जाना चाहिए और इसके लिए कड़ी कार्रवाई की जा रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई मोदी की गारंटी है। जांच एजेंसियों को (भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए) खुली छूट दी गई है। वे रुकने वाले नहीं हैं।



## यात्री बस में लगी आग, 2 महिलाओं समेत 4 झुलसे

**कोंडागांव,12 दिसंबर।** केशकाल राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में देर रात बड़ा हादसा हो गया. एक चलती यात्री बस में अचानक आग लग गई. आग लगने से बस में अफरा तफरी मच गई. जलती बस से जान बचाने यात्री बस से कूदे. वहीं आग की चपेट में आने से 2 महिला और 2 पुरुष झुलस गए हैं. सभी घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों को बस से सुरक्षित निकाला. बस आग में जलकर पूरी तरह से खाक हो गई है. बताया जा रहा है लगभग 30 यात्रियों को लेकर बस रायपुर से जगदलपुर जा रही थी. जानकारी के अनुसार, कोंडागांव के राष्ट्रीय राजमार्ग केशकाल के डिपो के पास रायपुर से जगदलपुर आ रही यात्री बस में अचानक रात 3 बजे आग लगने से यात्रियों में अफरा तफरी की स्थिति बन गई. ड्राईवर ने वाहन रोका तो सभी यात्री अपनी जान बचाने बस से कूदने लगे. बस में आग इतनी जबरदस्त थी की देखते ही देखते ही बस पूरी जलकर खाक हो गई. मौके पर पुलिस पहुंची और बचाव कार्य में लगी. आग में 2 महिला और 2 पुरुष झुलस गए हैं. जिन्हें नजदीक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है. घटना कैसी घटी इसका पता नहीं लग पाया है. फिलहाल यात्री डरे और सहमे हुए हैं.



## बाइक में दो बच्चों को स्कूल ले जा रहे पिता को हाइवा ने मारी टक्कर, तीनों की मौत

**अभनपुर,12 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के अभनपुर में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. अपने दो बच्चों को बाइक पर बैठाकर पिता स्कूल छोड़ने जा रहा था तभी एक तेज रफ़्तार हाईवा ने बाइक को ठोकर मार दी. हादसे में दो मासूम समेत पिता की मौके पर ही मौत हो गई है. हादसे के हाईवा चालक मौके से हाईवा लेकर फरार हो गया है. घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए हैं. वहीं आक्रोशित लोगों ने राजिम रायपुर मुख्य मार्ग पर गोबरा नवापारा के बस स्टैंड में चक्का जाम कर दिया है. ये घटना गोबरा नवापारा के तर्री रोड स्थित बगदेहीपारा स्कूल के पास हुई है.



जानकारी के अनुसार, गोबरा नवापारा के तर्री रोड पर स्थित बगदेही स्कूल के पास आज सुबह तेज रफ्तार हाईवा ने सामने जा रही एक बाइक को ठोकर मार दी. दुर्घटना में बाइक चालक और उसके दोनों बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद आरोपी हाईवा चालक ने भाग कर थाने में आत्मसमर्पण कर दिया. हादसे में जान गवाने वाले पिता का नाम शिवनाथ यादव उम्र 30, रिया यादव उम्र 7 वर्ष कक्षा 2 में पढ़ती थी और छोटी बेटी हीना यादव उम्र 1 वर्ष है. बताया जाता है कि मृतक शिवनाथ यादव गोबरा नवापारा के गोड़पारा का ही रहने वाला था, जो अपने बच्चों को ग्राम तर्री स्थित स्कूल छोड़ने जा रहा था. यहां बताना जरूरी है कि गोबरा नवापारा का रोड दिनों दिन खतरनाक होता जा रहा है. इस रोड से लगातार भारी वाहनों की तेज गति से आवाजाही होती है, लेकिन उन पर किसी भी प्रकार का नियंत्रण स्थानीय पुलिस, नगरपालिका या आरटीओ द्वारा नहीं किया जा रहा है. वहीं नगर पालिका प्रशासन ने पिछले 7 वर्षों से सुबह 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक भारी वाहनों का नगर के भीतर से आना-जाना प्रतिबंधित किया गया है. लेकिन उस पर अमल करने के लिए पालिका, पुलिस या प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की गंभीरता नहीं दिखाई जाती है, जिसके चलते आए दिन इस प्रकार की दर्दनाक दुर्घटनाएं शहर के भीतर होती रहती है.

### हमारे खिलाड़ी देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे रौशन

jasclaudius@gmail.com


## गणतंत्र दिवस परेड में स्वर्ण विजेताओं को किया जाए शामिल

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

मई 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्तारूढ़ होने के बाद विभिन्न मंत्रालयों में नई परंपरा की शुरुवात हुई है। जिसकी वजह से आलोचना करने वाले या फिर नकारात्मक सोच रखने वाले भी केंद्र में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन के नेतृत्व वाली सरकार के कुछ कामकाज, निर्णय पर चुप्पी साधे रखना ही उचित समझा है। विशेषकर प्रधानमंत्री के भारत में खेलनीति को लेकर उठाये गये कदम से राष्ट्रीय स्तर के राजनैतिक नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, जागरूक स्तंभकार सभी स्तब्ध हैं। 2014 में अपने कार्यकाल के शुरुवाती दौर में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में खेलकूद के क्षेत्र में प्रतिभाओं की अपार संख्या का पूर्वानुमान लगाते हुए भारत को खेल विश्व गुरु बनाने की चर्चा शुरु तो अधिकांश लोग बगले झांकने लगे। मजेदार बात तो यह है कि नरेन्द्र मोदी जी की इस कल्पना को हल्के में लेने वालों को खेलकूद से न तो कोई दिलचस्पी थी ना ही वे खेलकूद के महत्व को वे जानते थे। विश्व स्तर पर आज जब आपके देश की कला, संस्कृति, व्यापार-व्यवसाय, कृषि, उद्योग, विज्ञान संबंधी उपलब्धि को विश्व स्तर की श्रेणी में रखा जाता है तो खेलकूद और उसके जुड़े तमाम प्रतिभाओं को क्यों नहीं रखा जा सकता? उल्लेखनीय तथ्य यह है कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि को उनके कार्यकाल के आरंभिक दौर में लोग समझ नहीं पाये। उन्होंने देश के खेलकूद की बागडोर पहली बार राज्यवर्द्धन सिंह राठौर जैसे पदक विजेता ओलंपियन खिलाड़ी को सौंप दिया। यही से हमारे देश का खेलकूद में विश्व गुरु बनने का बीजोरोपण हो गया। पिछले करीब दस वर्षों में भारतीय खिलाड़ियों की अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में सफलता का आकलन कर लिया जाए तो स्थिति साफ हो जायेगी। यह जरूर है आसमान में बादल छाये हुए हैं धुंधलका है लेकिन सूरज की रोशनी ने आकाश में आच्छादित अवरोध को भेदना शुरु कर दिया है। इसका श्रेय पूरी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है जिनकी सोच को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए भारत के खेलमंत्री, खेल मंत्रालय के अधिकारी, भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशासनिक अधिकारियों, प्रशिक्षकों, सहयोगी सदस्यों ने जी जान लगा दिया। खेल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के माता-पिता, अभिभावकों ने ऐसा करने के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके साथ समाज, परिवार के सदस्यों, मित्रगण, खेलप्रेमियों ने खेल प्रतिभाओं को आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। माता-पिता, अभिभावकों ने अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए उन्हें अलग-अलग खेलों को प्रशिक्षकों, प्रशिक्षण संस्थानों में सौंप दिया। आखिरकार इन प्रतिभाशाली बच्चों, किशोरों, नौजवानों ने प्रशिक्षण के दौरान अपने-अपने खेल मैदान में पसीना बहाया और भारत के लिए ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों, राष्ट्रमण्डल खेलों, विभिन्न खेलों की विश्व, एशियाई स्पर्धाओं में 2014 के बाद से पहले से अधिक पदकों की कतार लगा दी। ऐसे जांबाज खिलाड़ियों को राष्ट्रीय, राज्य स्तर पर इनाम मिल चुका। अब बारी है ऐसे पदक विजेता प्रतिभागियों को एक स्थान पर एकत्र करके उन्हें सार्वजनिक रूप से सर्वोच्च सम्मान देने का। इसके लिए सबसे उपयुक्त स्थल नई दिल्ली में प्रतिवर्ष होने वाली गणतंत्र दिवस परेड है। इनमें कम से कम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ओलंपिक खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले विजेताओं को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए। इसी तरह राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के मान्यता प्राप्त खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को राज्य के गणतंत्र दिवस परेड में शामिल करके सम्मानित किया जाना चाहिए। इससे न सिर्फ भारत में खेल भावना को बढ़ावा मिलेगा बल्कि हमारे देश में खेल संस्कृति की जड़ें मजबूत होंगी।

## अपने लिए कुछ मांगने से पहले मैं मरना बेहतर समझूंगा: शिवराज

**भोपाल,12 दिसंबर।** मध्य प्रदेश के निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को अपने निवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई. पत्रकारों ने पूछा कि चुनाव जीतने के बाद आपने दिल्ली नहीं जाने की बात क्यों कही थी? जवाब में शिवराज बोले, एक बात मैं विनम्रता के साथ कहता हूं कि अपने लिए कुछ मांगने जाने से पहले मैं मरना बेहतर समझूंगा, इसलिए मैंने कहा था कि मैं दिल्ली नहीं जाऊंगा. प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू करने से पहले शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में बीजेपी सरकार अधूरे कामों को पूरा करेगी और प्रगति के मामले में मध्य प्रदेश नई ऊंचाइयां छुएगा. मैं सदैव मोहन यादव को सहयोग करता रहूंगा. आज मेरे मन में संतोष का भाव है. 2003 में उमा जी के नेतृत्व में भारी बहुमत से बीजेपी सरकार बनी थी. उसी सरकार का नेतृत्व बाद में मैंने किया था. 2008 में हम फिर सरकार वापस लेकर आए, 2013 में फिर बीजेपी सरकार भारी बहुमत से बनी. 2018 में भी वोट बीजेपी को ज्यादा मिले, लेकिन सीटों के गणित में हम पिछड़ गए थे. लेकिन बाद में फिर हमने सरकार बनाई. आज जब मैं यहां से विदाई ले रहा हूं तो मुझे इस बात संतोष है कि 2023 में फिर भारी बहुमत से बीजेपी सरकार बनी है. मेरा मन संतोष से भरा हुआ है क्योंकि लाखों कार्यकताओं अथक परिश्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद के कारण, केंद्र और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं के कारण, जिसमें लाडली बहना योजना का योगदान जबरदस्त है, यह सरकार बनी.



CMYK

## संपादकीय

# यह सजा के साथ सबक भी है

संसद की अपनी गरिमा,परंपरा व कायदे कानन होते हैं। हर संसद सदस्य को इसका पालन करना चाहिए तथा ध्यान रखना चाहिए कि जाने अनजाने में इसका उल्लंघन न हो। यदि कोई चेतावनी दिए जाने के बाद भी उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई तो जरूर होनी चाहिए। ताकि फिर कोई भविष्य में इस तरह की गलती करने से पहले सौ बार सोचे। उसे डर रहे कि मेरी संसद सदस्यता इस गलती की वजह से जा सकती है। महुआ मित्रा की संसद सदस्य खत्म कर दी गई है तो यह सिर्फ सजा नहीं है,यह अन्य सांसदों के लिए सबक भी है कि सासंद महुआ मित्रा के समान जो भी अनैकिर काम करेगा, उसके खिलाफ इसी तरह कार्रवाई की जाएगी। महुआ मित्रा ने खुद ही स्वीकार किया है कि उसने अपना लाग इन व पासवर्ड हीरानंदानी को दिया था । हीरानंदानी ने उसका दुबई व कई अन्य जगहो ंसे प्रयोग किया था। यह बात हीरानंदानी ने स्वाीकार की है। महुआ मित्रा ने भी इस बात से इंकार नहीं किया है कि हीरानंदाने ने ऐसा नहीं किया है। हीरानंदान ने यह भी स्वीकार किया है कि महुआ मित्रा को उन्होंने गिफ्ट दिए हैं. उनकी विदेश यात्रा का पूरा खर्च उन्होंने उठाया है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि हीरानंदानी ने अपने बिजनेस फायदे के लिए महुआ मित्रा का उपयोग किया। महुआ मित्रा ने अपना दुरुपयोग होने दिया। जानबूझकर होने दिया। हीरानंदानी को कोई फायदा हुआ होगा तब ही तो उसने महुआ मित्रा को महंगे गिफ्ट दिए तथा विदेश यात्रा का खर्च उठाया। महुआ समर्थक महुआ का समर्थन इसलिए कर रहे हैं कि उसने अडानी के संबंधित प्रश्न पूछे। ऐसा करके उसन कुछ गलत नहं किया है। महुआ के खिलाफ इसलिए कार्रवाई की गई है कि उसने अडानी के खिलाफ प्रश्न पूछे। हकीकत यह है कि महुआ मित्रा का अडानी के खिलाफ उपयोग किया गया। उनसे वह काम करवाया गया जो या उनके नाम से वह काम किया गया जिससे अडानी से संबंधित जानकारी उनके प्रतिव्दंव्दी के पास जाती है। महुआ मित्रा ने जो कुछ किया उससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता था, यह महुआ ने सोचा नहीं। महुआ के समर्थक में यह तर्क भी दिया जा रहा है कि उन्हें संसद मे बोलने का मौका नहीं दिया गया। यह कोई जायज तर्क नहीं है क्योंकि जहां महुआ को बोलने का मौका दिया जाना था, वहीं महुआ मित्रा को बोलने के लिए दो से ढाई घंटा दिया गया था। वहां वह बोली नहीं, वहां मुझसे बुरे प्रश्न पूछ गए कहकर हंगामा किया तथा वहां से बिना कुछ कहे लौट गई थी।संसद में इससे पहले भी ऐसे मामले में दोषी लोगों को बोलने का मौका नहीं दिया गया था। यानी यह परंपरा नहीं है कि जिसे संसद दोषी मानकर संसद से निष्कासित करने का फैसला करती है, उसे संसद में बोलने नहीं दिया जाता है। महुआ मित्रा ने जो कुछ किया उसकी सजा उनको मिली है। वह सजा की हकदार थी। उनको सजा मिलनी ही थी। कुछ लोग कह रहे है कि यह सजा कुछ ज्यादा है। सजा उतनी ही दी गई है जितनी इससे पहले भी लोगों को दी गई है। कुछ लोग इस बात से खुश हो रहे हैं कि इंडी गटबंधन महुआ मित्रा को संसद से निष्कासित किए जाने के कारण एकजुट हो गया है तो यह उनकी गलतफहमी है। वह महुआ के लिए एकजुट नहीं हुए हैं, वह मोदी सरकार के खिलाफ संसद में एकजुट हुए है। यह कोई पहील बार नहीं हुआ है संसद में एकजुटता दिखाना बहुत ही आसान होता है । कुछ नहीं महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे सभी लोगों को साथ बैठना भर होता है। कोई यह बात नहीं कह रहा है कि महुआ मित्रा निर्दोष हैं, उन्होंने कोई गलती नहीं की है। सब मानते हैं कि महुआ मित्रा ने गलती की है, गलती की सजा मिली है. महुआ मित्रा के मामले से सबक लेकर संसद अब नियम बनाने चाहिए ताकि नियम तोड़ने पर और कड़ी सजा दी जा सके।

---

**युवा भारत**

किशन सनमुखदास भावनानी

# विकसित भारत @ 2047 युवाओं की आवाज

**साथियों बातें कर हम भारत एट द रेट ऑफ 2047 की पृष्ठभूमि की करें तो, देश की राष्ट्रीय योजनाओं, प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के निर्माण में देश के युवाओं को सक्रिय रूप से सम्मिलित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, विकसित भारत @2047ः युवाओं की आवाज' पहल विकसित भारत @2047 के दृष्टिकोण में विचारों का योगदान करने के लिए देश के युवाओं को एक मंच प्रदान करेगी। यह कार्यशालाएँ विकसित भारत @2047 के लिए अपने विचारों और सुझावों को साझा करने के लिए युवाओं को सम्मिलित करने की प्रक्रिया शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होंगी।विकसित भारत @ 2047 का उद्देश्य आजादी के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।**



वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है किभारत की 140 करोड़ जनसंख्या जो विश्व में सबसे सर्वाधिक है यह एक ऐसा अकेला देश है जहां 60 प्रतिशत से अधिक युवा है। याने भारत एक युवा राष्ट्र है जिसमें जितने कार्यकुशल हैंड भारत में है उतने दुनियां के किसी भी देश में नहीं है। बस!! जरूरत है हमें उन हाथों में काम की दिशा में बढ़कर अपने लक्ष को हासिल करने की, जिसका बंदोबस्त भी भारत सरकार ने कर रखा है कि एक अलग से कौशलता विकास मंत्रालय बनाया गया है जो उन हाथों में कौशलता रूपी ज्ञान का अस्त्र प्रदान करता है ताकि वह रोजगार लेने वाले की जगह रोजगार देने वाले बने। अगर ऐसी तैयारी हमारी है तो स्वाभाविक रूप से हम 2047 तक विकसित राष्ट्र बने का विजन बनाकर सटीक रणनीति बनाई गई है, जिसमें मेरा मानना है कि 2047 के पूर्व ही भारत को विकसित देश राष्ट्र का दर्जा प्राप्त हो जाएगा, इसलिए ही दिनांक 11 दिसंबर 2023 को माननीय पीएम ने विकसित भारत एट द रेट ऑफ 2047 युवाओं की आवाज, कार्यशाला का शुभारंभ किया है क्योंकि युवाओं का युवा देश भारत अपने विकसित भारत बनने की ओर चल पड़ा है इसलिए आज हम पीआई बी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे यही समय है सही समय है, भारत विकसित भारत बनने के लिए लंबी चलांग लगाने को तैयार है।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा दिनांक 11 दिसंबर 2023 को एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधन करने की करें तो, उन्होंने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विकसित भारत@2047ः युवाओं की आवाज का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान, इस पहल की शुरूआत को चिह्नित करने के लिए देश भर के राजभवनों में आयोजित कार्यशालाओं में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, संस्थानों के प्रमुखों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने प्रत्येक विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और युवाओं की ऊर्जा को विकसित भारत के सामान्य लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। विचारों की विविधता को ध्यान में रखते हुए, पीएम ने विकसित भारत के निर्माण की दिशा में सभी धाराओं को जोड़ने पर बल दिया। सभी से विकसित भारत@2047 के दृष्टिकोण में योगदान करने के लिए अपनी सीमा से परे जाने का आग्रह किया। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को इस अभियान से जोड़ने के लिए देश के हर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में विशेष अभियान चलाने का सुझाव दिया। विकसित भारत से जुड़े आइडियाज पोर्टल के शुभारंभ का जिक्र किया और बताया कि 5 अलग-अलग विषयों पर सुझाव दिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वश्रेष्ठ 10 सुझावों के लिए पुरस्कार की भी व्यवस्था की गई है। आप अपने सुझाव माई गव प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी दे सकते हैं। उन्होंने कहा, विचार की शुरूआत 'मैं' से होती है, जैसे भारत की शुरूआत 'मैं' से होती है। उन्होंने रेखांकित किया कि विकास का विचार केवल स्वयं के 'मैं' से शुरू हो सकता है। उन्होंने 'विकसित भारत' के विकास की अवधि को एक परीक्षा की अवधि से उपमा देते हुए, लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक अनुशासन बनाए रखने में विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, तैयारी और समर्पण के साथ-साथ परिवारों के योगदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने टिप्पणी की कि देश के नागरिक होने के नाते हमारे लिए भी परीक्षा की तारीख घोषित कर दी गई है। उन्होंने बल देकर कहा,हमारे सामने 25 साल का अमृत काल है। हमें विकसित भारत के लक्ष्य के लिए 24 घंटे काम करना है। यह वह वातावरण है जिसे हमें एक परिवार के रूप में बनाना है। यह देखते हुए कि देश की तेजी से बढ़ती आबादी युवाओं द्वारा सशक्त हो रही है, उन्होंने बताया कि भारत आने वाले 25-30 वर्षों तक कामकाजी उम्र की आबादी के मामले में अग्रणी बनने जा रहा है और दुनिया इस बात को मानती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ₹युवा शक्ति परिवर्तन की वाहक भी है और परिवर्तन की लाभार्थी भी है।₹ उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अगले 25 वर्ष आज के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में युवाओं के करियर के लिए निर्णायक होंगे। यह देखते हुए कि ये युवा ही हैं जो भविष्य में नए परिवार और एक नया समाज बनाएंगे, उन्हें यह तय करने का अधिकार है कि एक विकसित भारत कैसा होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी भावना के साथ सरकार देश के हर युवा को विकसित भारत की कार्ययोजना से जोड़ना चाहती है। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण के लिए देश के युवाओं की आवाज को नीतिगत रणनीति में ढालने पर बल दिया और युवाओं के साथ अधिकतम संपर्क बनाए रखने वाले शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला।माननीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह पहल अमृत काल विमर्श को एक जन-आंदोलन में बदलने जा रही है। उन्होंने युवा शक्ति और शिक्षा समुदाय को 2047 तक विकसित भारत के भव्य दृष्टिकोण से लगातार मार्गदर्शन करने और जोड़ने के लिए पीएम को धन्यवाद दिया।उन्होंने यह भी कहा कि आज के कार्यक्रम के शुभारंभ ने एक नई दृष्टि और दिशा दी है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और शैक्षणिक संस्थान इस पहल को नई गति प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि सबका प्रयास के मंत्र से प्रेरित होकर एक ऐसा वातावरण बनाना होगा जो अमृत पीढी और नागरिकों को विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित करे।




साथियों बातें कर हम भारत एट द रेट ऑफ 2047 की पृष्ठभूमि की करें तो, देश की राष्ट्रीय योजनाओं, प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के निर्माण में देश के युवाओं को सक्रिय रूप से सम्मिलित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, विकसित भारत @2047ः युवाओं की आवाज' पहल विकसित भारत @2047 के दृष्टिकोण में विचारों का योगदान करने के लिए देश के युवाओं को एक मंच प्रदान करेगी। यह कार्यशालाएँ विकसित भारत @2047 के लिए अपने विचारों और सुझावों को साझा करने के लिए युवाओं को सम्मिलित करने की प्रक्रिया शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होंगी।विकसित भारत @ 2047 का उद्देश्य आजादी के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह दृष्टिकोण आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलुओं को सम्मिलित करता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विकसित भारत @ 2047 - युवाओं की आवाज यही समय है सही समय है - भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए लंबी छलांग लगाने को तैयार है युवाओं का युवा देश भारत अपने विकसित राष्ट्र होने की ओर चल पड़ा है।

---

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनाये रखेगा, साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। आज आपके विरोधी आपसे काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा। ट्रान्सफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी ।

**वृष राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में भाग-दौड करेंगे ।इस राशि के छात्र जो किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें जल्द सफलता मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। व्यापारियों को आज अधिकतम लाभ होगा। आज आपके स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव हो सकता है। ऑफिस के रुके कार्यों को आज पूरा करने में सफल होंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयासरत छात्रों को जल्द सफलता मिलेगी । आज रास्ते पर किसी जरूरतमंद की मदद करने का मौका मिलेगा, इससे आपको बेहद खुशी मिलेगी। आज किसी सामान की श्व.रू.द्ध. पूरी हो जाएगी, कोई नया सामान लेने का मन बनायेंगे। आज बच्चे आपसे किसी निर्णय में आपकी राय मागेंगे। आज ऑफिस के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। स्वास्थ्य के नजरिये से आज का दिन अच्छा रहेगा। आप दूसरों के साथ बेहद व्यवहारिक रहेंगे ।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं । आप अपने व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब इंजॉय करेंगे। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। शिक्षकों के ट्रान्सफर की परेशानियाँ खत्म होंगी। आज व्यापार में सफलता के अनेक अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते है। आज आपका मन किसी रचनात्मक कार्य में लगेगा। आज लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा जो आपके लिए मददगार साबित होगा। होटल के कारोबारियों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होने वाला है। साथ ही आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बनेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी बात से परेशान लोग, आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। आपकी बात करने की कला से लोग प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के चांसेस बढ़ेंगे। परिवार में एक दूसरे को समझकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है।

**तुला राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे, उनके मन की बातों को समझेंगे। आज बाहर के ऑयली खाने को जहाँ तक हो सके अवॉयड करें। आज बिना किसी के मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छी कंपनी में जॉब मिलेगी। छात्रों का आज पढ़ाई में मन लगेगा। साथ ही किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। अपने रुके कार्य को पूरी मेहनत से आज पूरा कर लेंगे। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र बढ़ेगा, साथ ही बच्चों के साथ पिकनिक का प्रोग्राम बना सकते हैं। बॉस आपकी मेहनत से खुश होंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। कारोबार को बढ़ाने के लिये दोस्तों से बहुत अच्छे सुझाव मिलेंगे।

**धनु राशिः** आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को अन्य लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। अपने बिजी दिन में कुछ समय अपने लिए निकालेंगे, उस समय में आप अपना पसंदीदा कार्य करेंगे। आज आप अपने बच्चों को लेकर शॉपिंग मॉल भी जाएंगे, जहां काफी खुश नजर आएंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। अपनी क्षमताओं को पहचाने क्योंकि आपके अंदर ताकत की नहीं बल्कि इच्छाशक्ति की कमी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स को प्रमोशन के अच्छे चांस मिलेंगे। आज बेटी के परीक्षा का अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आज आपकी टेंशन कम होंगी। आपको किसी रिश्तेदार को दिया धन वापस मिल जायेगा। साथ ही अधूरी कार्य योजनाओं को पूरा करने में बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा। जीवन की नकारात्मकता दूर होगी।

**कुम्भ राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज कोई शुभ समाचार आपको मिलेगा। जिससे पूरे दिन आप खुश रहेंगे। आज आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे, किसी भी अवसर को हाथ से जाने न दें। आज आपकी कोशिशें कामयाब होंगी। आप पिता की जिम्मेदारियां निभाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। आज व्यापार में स्थिति अनुकूल बनी रहेगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में मधुरता आयेगी, जिससे लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के स्त्रोत मिलेंगे । आज बड़ों की सलाह मिलेगी, साथ ही आपका अच्छा संपर्क जुड़ेगा। आपको हर कदम पर दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

---

**व्यंग्य**

# क्या मिलेगा क्या

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



₹क्या मिलेगा तुम्हें इन पार्टियों के पीछे-पीछे नारे लगाने से?- पूछा मैंने सिगरेट का कश खींच रहे एक पैंतीस वर्षीय युवक से जो लड़ने-लड़वाने वाले नारों में अपना सिर खपा रहा था। नौकरी पर जाने वाली अवस्था में वह घर पर बोझ बना बैठा था। माथा कम सिलवटें ज्यादा थीं। कुल मिलाकर जिंदगी के नाम पर मरने का अभ्यास कर रहा था। जिस उम्र में हमारे युवकों को नौकरी, धंधा, शादी, बाल-बच्चे, खुद का अपना घर, मनोरंजन भरी दुनिया में रहना चाहिए। वह युवा से प्रौढावस्था की ढलान पर आँखों में सपनों को मारकर नारों का अभ्यास कर रहा था। मेरी बात सुनकर वह रुका, सिगरेट को मुँह से अलग किया फिर मुझे देखा। सच कहता हूँ कि कुछ कहने से पहले उसकी आँखें मुझे मारने के लिए काफी थीं। मानो आँखों ने अनुभव के विश्वविद्यालय में निराशा की सबसे ऊँची डिग्री प्राप्त की है। लगा उसके मुँह को मानो खाने के लिए केवल वादे मिलते हैं। कुल मिलाकर चेहरा कागज पर विकास करते देश की हकीकत को बयान कर रहा था। मैंने कोशिश की - ₹रोजगार, घर-बार, बीवी-बच्चे?' वह हँसा। फिर से सिगरेट को मुँह से लगा लिया। एक लंबी कश खींचते हुए मुझ पर धुआँ छोड़ते हुए कहा झ अंकल! किस दुनिया से आए हो? सरकारी योजना, उद्योग, भोजन, दवा, शिक्षा यह सब मेनिफेस्टो में सुहाते हैं। बदन की देखभाल करने से पहले मेरे पेट ने खुद को सिकुड़ लिया है। क्या यह काफी नहीं है जो नौकरी, घर-बार, बीवी-बच्चे के सपने देखने की हिम्मत करें? क्या मैं आपसे बात कर रहा हूँ यह काफी नहीं है इस सरकार के एहसान के रूप में?₹ मैं देखता रहा किसी का माँगा हुआ सिगरेट पीने वाले उस बंदे को रोजगार वाले पोस्टर पर बैठकर जिंदगी का धुआँ उड़ाते हुए।

# कच्चा प्याज खाने से होते हैं यह नुकसान

प्याज सबसे पुरानी सब्जियों में से एक है जिसे सदियों से उगाया जाता है.प्याज की सबसे खास बात यह है कि यह लगभग हर खाने की रेसिपी में डाला जाता है. सब्जी से लेकर कोई भी मसालेदार खाने वाली चीज में प्याज का इस्तेमाल किया जाता है. वहीं आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कच्चा प्याज खाने के कई सारे साइडइफेक्ट्स होते हैं. साथ ही आपको बताएंगे एक दिन में कितना प्याज खाना है जरूरी.



**पाचन संबंधी परेशानी**-कच्चा प्याज खाने से कुछ व्यक्तियों के लिए पाचन संबंधी परेशानी का कारण बन सकता है. फ्रुक्टेन एक प्रकार का कार्बोहाइड्रेट होता है. जिसके कारण इसे पचाने में दिक्कत होती है. इससे गैस, सूजन और पेट की परेशानी हो सकती है. संवेदनशील पेट या पाचन संबंधी समस्याओं वाले लोग इन लक्षणों से बचने के लिए कच्चा प्याज लीमिट में खाना चाहिए.

**मुंह की बदबू**-कच्चा प्याज खाने से सांस की भयानक दुर्गंध होती है. प्याज में पाए जाने वाले मजबूत सल्फर केमिकल गंध छोड़ता है. जो घंटों तक बनी रह सकती है. हालांकि अपने दांतों को ब्रश करने और माउथवॉश का उपयोग करने से मदद मिल सकती है, लेकिन शक्तिशाली सुगंध को पूरी तरह से खत्म करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है.

**एलर्जी**-कुछ लोगों को कच्चे प्याज से एलर्जी का महसूस हो सकता है. हल्की खुजली और सूजन से लेकर सांस लेने में कठिनाई जैसी गंभीर प्रतिक्रियाओं तक हो सकते हैं. यदि आपको प्याज खाने से एलर्जी महसूस होता है तो आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए.

**सीने में जलन**-कुछ लोगों को कच्चा प्याज खाने से सीने में जलन हो सकती है या एसिड रिफ्लक्स भी हो सकती है. प्याज में पाई जाने वाली एसोफैगल स्फिंक्टर जो सीने की जलन को शांत कर सकता है. और पेट में पाए जाने वाला एसिड वापस एसोफैगस में जा सकता है. जिन लोगों को सीने में जलन की शिकायत हो उन्हें कच्चा प्याज कम खाना चाहिए. खासकर रात में सोते वक्त.

**माइग्रेन को ट्रिगर करता है**-कुछ व्यक्तियों के लिए कच्चा प्याज खाने से माइग्रेन ट्रिगर कर सकता है. प्याज में टायरामाइन होता है जो सिरदर्द ट्रिगर कर सकता हैं. यदि आप माइग्रेन से ग्रस्त हैं, तो सलाह दी जाती है कि आप कच्चा प्याज सावधानी के साथ खाएं. इन लोगों को कच्चा प्याज ज्यादा नहीं खाना चाहिए जो लोग हार्ट, बीपी या डायबिटीज की दवा खाते हैं उन्हें ज्यादा मात्रा में कच्चा प्याज नहीं खाना चाहिए. इससे उनकी शारीरिक परेशानी बढ़ सकती है. सब्जी में भी 1-2 प्याज डालना चाहिए. इससे ज्यादा प्याज खाना शरीर के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है.

---

**राजनीति**

तनवीर जाफरी

# महुआ के बहाने बेनकाब हुए ' माननीय '



भारतीय संसद को वैसे तो लोकतंत्र का मंदिर भी कहा जाता है। हमारे देश के जनप्रतिनिधि इसी संसद भवन में बैठकर देश के भविष्य की योजनायें व इससे सम्बंधित कानून बनाते हैं। इसलिये यह कहने की जरुरत नहीं कि प्रत्येक सांसद को पूर्ण रूप से संसदीय व्यवस्था व सञ्चालन को समझने की क्षमता रखने वाला,संसदीय कायदे कानूनों का जानकार ,गंभीर,जिम्मेदार,ईमानदार,अनुशासित तथा समाज के लिये आदर्श पेश करने वाला नेता होना चाहिये। परन्तु वास्तव में ऐसा है नहीं ।स्वतंत्रता से लेकर अब तक जहां हमारी संसद में अनेकानेक ऐसे सांसद हुए हैं जिनपर देश नाज करता है वहीँ दुर्भाग्यवश इसी संसद में अपराधी, भ्रष्ट, रिश्वतखोर,सवाल पूछने के बदले पैसे लेने वाले,संसद में हाथा पाई,मारपीट तथा लात घूसा चलाने वाले,जमीर फरोश,सिद्धांत विहीन,सत्ता लोलुप,दलबदलू यहां तक कि अशिक्षित सांसद भी 'शोभायमान ' होते रहें। इसके अतिरिक्त यही माननीय कई बार सांसद की गरिमा के विरुद्ध आचरण करते भी देखे जा चुके हैं। उदाहरण के तौर पर मार्च 2000 में जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारत के पाँच दिवसीय दौरे पर आए थे उस दौरान उन्होंने 22 मार्च को संसद के केंद्रीय कक्ष में संयुक्त भारतीय संसद को भी संबोधित किया था। खचाखच भरे इस केंद्रीय हाल में राष्ट्रपति क्लिंटन के संबोधन के बाद जिस तरह हमारे 'माननीयों ' में क्लिंटन के साथ हाथ मिलाने व फोटो खींचाने की होड़ मची थी वह दृश्य भी अभूतपूर्व था। अनेक सांसद उस दिन कुर्सियां फांद कर एक दूसरे को पीछे छोड़ राष्ट्रपति क्लिंटन की तरफ जाते दिखाई दिये थे। यह उनसे हाथ मिलाने व उसके साथ फोटो खिंचाने के लिये लालायित थे। इस दृश्य ने भी अनेक 'माननीयों' की मानसिकता व उनकी हक ीकत को उजागर किया था। आज भी उसी मानसिकता के अनेक सांसद समय समय पर संसद में 'मोदी '- 'मोदी' का जाप करते सुनाई देते हैं। ऐसा 'नेता जाप ' भारत के अतिरिक्त किसी अन्य देश की संसद में होते नहीं सुनाई देता। पिछले दिनों भारतीय संसद में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया। उनपर संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने तथा लोकसभा पोर्टल का अपना लॉग इन पासवर्ड, लोकसभा नियमों के विरुद्ध दूसरों से शेयर करने के आरोप हैं। हालांकि महुआ मोइत्रा के लोकसभा से निष्कासन को विपक्ष बदले की भावना से की गई कार्रवाई बता रहा है वहीं सरकार व उसके पक्षकारों का मत है कि महुआ के साथ जो कुछ हुआ है वह सब कुछ नियमों के तहत ही हुआ है। परन्तु महुआ प्रकरण पर गत 8 दिसंबर को लोकसभा में चली चर्चा के दौरान जब महुआ के समर्थन में बांका (बिहार ) के जनता दल यूनाइटेड सांसद गिरधारी यादव खड़े हुये तो उनके मुंह से कुछ ऐसे वाक्य निकले जिन्होंने न केवल लोकसभा अध्यक्ष बल्कि पूरी संसद को स्तब्ध कर दिया। चूँकि गिरधारी यादव अपने क्षेत्र से चार बार विधायक और तीन बार लोक सभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हो चुके हैं इसलिये जनता के बीच उनकी लोकप्रियता से इंकार कतई नहीं किया जा सकता। गिरधारी यादव ने साफ साफ कहा कि न तो उन्हें लोकसभा पोर्टल लॉगिन करना आता है न ही उन्हें अपना पासवर्ड याद रहता है न ही वे लोकसभा में अपने सवाल खुद तैयार करते हैं। बल्कि उनका यह सारा गोपनीय काम उनके पी ए करते हैं।

निश्चित रूप से सांसद गिरधारी यादव द्वारा संसद में ऑन रिकार्ड की गयी यह स्वीकारोक्ति गैर कानूनी व संसदीय नियमों के विरुद्ध थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सांसद गिरधारी यादव के इस बयान पर घोर आपत्ति भी दर्ज की और उन्हें सचेत भी किया कि सदन में ऑन रिकार्ड दिये गये आपके इस विवादित बयान को लेकर आपके विरुद्ध कार्रवाई भी हो सकती है। परन्तु गिरधारी यादव ने बिना छुपाये हुये अपनी जो हक ीकत थी वह बयान कर डाली। साथ ही यह भी कहा कि अब उनकी यह उम्र कम्प्यूटर आदि सीखने की नहीं और उन्हें यह सब नहीं आता। जब लोकसभा अध्यक्ष सांसद गिरधारी यादव की बातों से असहज हुये तो उन्होंने इस गंभीर विषय पर संसद की नब्ज भी टटोलनी चाही। उन्होंने उसी समय वरिष्ठ तृणमूल सांसद सुदीप बंदोपाध्याय से पूछा कि क्या आप इनकी (सांसद गिरधारी यादव) बातों से सहमत हैं। इसपर उस वरिष्ठ सांसद ने सदन में जो बात कही वह भारतीय संसद की हक ीकत को उजागर करने के लिये काफी है। बंदोपाध्याय ने कहा कि आप दस दस सांसदों के ग्रुप को अपने कार्यालय में बुलाकर स्वयं देख लें कि कितने सांसदों को लॉगिन करना और कंप्यूटर संचालन आता है। यह सुनते ही लोकसभा अध्यक्ष जो सांसद गिरधारी यादव को उनके विवादित बयान के लिये कार्रवाई की धमकी देते सुनाई दिये वही स्पीकर, सुदीप बंदोपाध्याय की बात सुनकर ठन्डे पड़ते देखे गये। सवाल यह है कि क्या सांसद गिरधारी यादव की बातों पर सुदीप बंदोपाध्याय की प्रतिक्रिया और उनकी प्रतिक्रिया सुन लोकसभा अध्यक्ष की खामोशी भारतीय सांसदों की हक ीकत को उजागर नहीं करती ? और यहीं से दूसरा सवाल महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों को लेकर भी खड़ा होता है कि जब सांसद गिरधारी यादव सदन में स्वीकार कर चुके कि न तो वे लोकसभा के अपने सवाल तैयार करते हैं न ही उन्हें अपना लॉग इन पासवर्ड याद रहता है। उनके यह सारे काम कोई अन्य (उनका पी ए ) करता है। फिर इन्हीं आरोपों में केवल महुआ मोइत्रा ही दोषी क्यों ? रहा सवाल देश



विदेश में संसद की गरिमा धूमिल करने का,जैसा कि सत्ता पक्ष के कई सांसदों द्वारा लोकसभा में चर्चा के दौरान महुआ मोइत्रा पर आरोप लगाया गया। तो संसद की गरिमा इससे भी अधिक पूरे विश्व में पहले भी धूमिल होती रही है। याद कीजिये इसी वर्ष 21 सितंबर को जब भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने सांसद दानिश अली को संसद में निशाना बनाते हुये उनके पूरे समुदाय को संसद में गाली दी थी और अपमानित किया था। क्या एक निर्वाचित सांसद के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना उसे गलियां देना,धमकी देना संसद की गरिमा को नहीं गिराता ? भारतीय संसद ऐसी और भी अनेक घटनाओं की साक्षी रही है जिससे लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा को धक्का लगता रहा है। अदानी के बढ़ते साम्राज्य पर संसद के भीतर व बाहर मुखरित होकर बोलने वाली सांसद महुआ मोइत्रा को बहुमत के जोर पर संसद की सदस्यता से निष्कासित तो जरूर कर दिया गया है। परन्तु इस चर्चा के दौरान महुआ के बहाने माननीयों की हकीकत से भी पर्दा उठ गया है।

## ठंड को देखते हुए नगर निगम ने की सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की व्यवस्था



**रायपुर 12 दिसंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार ठंड को देखते हुए नगर निगम के सभी जोनो के जोन कमिश्नरों को आमजनों को ठंड से राहत दिलवाने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में शीतलहर काल के दौरान व्यवस्थित रूप से अलाव प्रतिदिन नियमित जलाने के निर्देश दिये गये हैं । आयुक्त के निर्देशानुसार सभी 10 जोनों की टीमों ने राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर ठंड को देखते हुए आमजनों की सुविधा हेतु अलाव जलाने की निरन्तर व्यवस्था दी है।

नगर निगम जोन 7 क्षेत्र के तहत कबीर चैक रामनगर सुलभ के समीप, अग्रसेन चैक के पास श्रीगणेश मन्दिर के समीप, रामकुण्ड ठाकरे चैक के समीप सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की निरंतरता से व्यवस्था की जा रही है। आयुक्त के निर्देशानुसार सभी 10 जोनो के विभिन्न मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर आमजनों की सुविधा हेतु ठंड को देखते हुए अलाव जलाने की व्यवस्था निरन्तर दी जा रही है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण के लिए हजारों कार्यकर्ताओं को निमंत्रण

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारी को लेकर एकात्म परिसर में हुई बैठक

**रायपुर 12 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के पश्चात रविवार को भाजपा ने वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णुदेव साय को विधायक दल का नेता चुना गया विष्णुदेव साव छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार 13 दिसंबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री की सपथ ग्रहण करेंगे जिसकी साक्षी रायपुर शहर जिला सहित प्रदेश की प्रबुद्ध जनता भी बनेगी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में भाजपा विधायक दल के नेता विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के रूप में सपथ ग्रहण करेंगे जिसको लेकर भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जिला अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया साथ ही जिला पदाधिकारियों एवं मोर्चा प्रकोष्ठों को विभिन्न दायित्व सौंपे गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर पूर्व में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने चाक चौबंद व्यवस्था कर रायपुर शहर को भाजपा मयी कर दिया था अपने शीर्ष नेता के आगमन और प्रदेश में भाजपा की स्पष्ट बहुमत की सरकार से कार्यकर्ताओ में खासा उत्साह है और सभी कार्यकर्ता अल्पकाल में तय कार्यक्रम की तैयारियों में जोर शोर से भिड़ गए हैं ।



**रायपुर बढ़ेगा स्वच्छता की ओर सभी मंडलों में होगा मंगलवार को स्वच्छता अभियान: जयंती पटेल**

जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार शाम आहूत बैठक को संबोधित करते हुए कहा की कांग्रेस की सरकार में ना सिर्फ रायपुर अपितु प्रदेश को मालिन कर रखा था जिसे संपूर्ण रूप से स्वच्छ करने का समय आ चुका है और सांकेतिक रूप से इसकी शुरुवात हम मंगलवार को करने जा रहे हैं और रायपुर शहर जिला के सभी 16 मंडलों में भाजपा द्वारा मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा एवं सांकेतिक रूप से स्वच्छता अभियान चला कर कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ में फैलाई गई भ्रष्टाचार रूपी , अराजकता रूपी और माफिया रूपी गंदगी की सफाई हेतु हम सांकेतिक स्वच्छता अभियान चलाएंगे एवं मैं आप सभी कार्यकर्ताओं से आशान्वित हूं की सपथ ग्रहण समारोह में सभी मंडलों से बढ़ चढ़कर कार्यकर्ता एवं जनता की उपस्थिति रहेगी । जिला मीडिया प्रभारी राहुल राय ने बैठक का पूर्ण विवरण देते हुए बताया मंच संचालन सत्यम दुवा ने किया और आभार रमेश सिंह ठाकुर द्वारा किया गया जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आहूत आवश्यक बैठक में विशेष रूप से प्रदेश मंत्री किशोर महानंद , पूर्व विधायक नंदकुमार साहू , प्रदेश प्रवक्ता नलीनेश ठोकने , अमित साहू , प्रदेश कार्यकारणी सदस्य राजीव अग्रवाल , गोवर्धन खंडेलवाल , अशोक पाण्डेय , प्रफुल्ल विश्वकर्मा , चन्नी वर्मा , सुभाष तिवारी , मीनल चौबे , डॉ.सलीम राज , जिला उपाध्यक्ष आशु चंद्रवंशी , अकबर अली , गोपी साहू , ललित जयसिंह , मनीषा चंद्राकर , जिला मंत्री संजय तिवारी , तुषार चोपड़ा , राजीव मिश्रा , हरीश सिंह ठाकुर , खेमकुमार सेन , शैलेंद्री परगनिहा , सोनू वालिया , उमेश घोरमोड़े , वंदना राठौड , लीलाधर चंद्राकर , विशाल भूरा , अनिल बाघ , मंडल अध्यक्ष गण संतोष साहू , प्रवीण देवड़ा , अनूप खेलकर ,गोरेलाल नायक , ओमप्रकाश साहू , रविंद्र सिंह ठाकुर , सालिक सिंह ठाकुर , महेश शर्मा , भूपेंद्र ठाकुर , बी. श्रीनिवास राव , प्रीतम ठाकुर , गोरेलाल नायक , सहित बड़ी संख्या में रायपुर शहर जिला भाजपा एवं मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## धारा-370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला भारत की जीत:विष्णुदेव साय

**छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री ने मोदी- शाह को दी बधाई**

**रायपुर 12 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि 5 अगस्त 2019 को भारत की संसद द्वारा लिए गए फैसले को सुप्रीम कोर्ट द्वारा बरकरार रखा जाना भारत की जीत है। यह जम्मू कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाइयों के लिए आशा प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कानूनी फैसला मात्र नहीं है। यह एकजुट भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। इस विजय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बधाई - अभिनंदन।



छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हम 1950 से ही कहते आ रहे थे कि एक देश में दो झंडा, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। एक देश में एक ही झंडा, एक ही विधान और एक ही प्रधान होगा। हमने देश की जनता से वादा किया था कि धारा 370 हटाकर जम्मू कश्मीर लद्दाख की समूची जनता को भारत के साथ एक सूत्र में बांधकर भारत भूमि के इस हिस्से का संपूर्ण विकास किया जाएगा।

नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर को वास्तविक आजादी देने के लिए धारा 370 खत्म की। हमने जो कहा, वह पूरा कर दिया। और, आज देश की सर्वोच्च अदालत ने हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत की संसद द्वारा लिए गए निर्णय को यथावत रखते हुए यह पुष्टि कर दी है कि भाजपा की मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर लद्दाख के साथ वह न्याय किया है, जिसके लिए वहां की जनता आजादी के बाद से तरस रही थी। अब देश में एक नया जम्मू कश्मीर है और इसके निर्माण का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ हमारे उन पूर्वजों को जाता है, जिन्होंने कश्मीर के लिए बलिदान दिया और कश्मीर की वास्तविक आजादी के लिए भाजपा को संघर्ष करने की प्रेरणा दी।

**समाचार संक्षेप**

## बंधक श्रमिक सर्वेक्षण के लिए आवेदन 19 दिसम्बर तक

**उत्तर बस्तर कांकेर, 12 दिसंबर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले के गैर-शासकीय संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्था सर्वेक्षण कार्य हेतु 19 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बंधक श्रमिक सर्वेक्षण हेतु एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थाओं का अभिरूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से कराए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें 02 हजार चिन्हांकित संस्थानों का निर्धारित प्रपत्र में सर्वेक्षण कराया जाना है। श्रम पदाधिकारी एवं सचिव, बंधक श्रमिक सतर्कता समिति ने बताया कि बंधक श्रमिक सर्वेक्षण हेतु एनजीओ एवं स्वयंसेवी संस्था अपना नाम, पता, अध्यक्ष, संचालक का नाम, पता, पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक, कार्यरत सदस्य संख्या, कार्य अनुभव के आधार पर दस्तावेजों सहित आवेदन निर्धारित प्रारूप में कार्यालय श्रम पदाधिकारी, संयुक्त जिला कार्यालय द्वितीय तल कक्ष क्रमांक-08 कांकेर से प्राप्त कर आगामी 19 दिसम्बर तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय श्रम पदाधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

### जिले के शिक्षित बेरोजगारों के कौशल प्रशिक्षण के लिए शिविर 15 दिसम्बर तक

**उत्तर बस्तर कांकेर, 12 दिसंबर।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदाय कर उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन कांकेर द्वारा विभिन्न सेक्टर्स के रोजगारोन्मुखी लघु अवधि के पाठ्यक्रमों में कौशल प्रशिक्षण दिए जाने के लिए विकासखण्डों में काउंसिलिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला कौशल विकास प्राधिकरण डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया कि पंजीयन शिविर में कक्षा 8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं को ऑटोमोटिव टू व्हीलर, ड्राईवाल फॉलसिलिंग, प्लम्बिंग और इलेक्ट्रिकल इत्यादि कोर्स में दो माह का प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा। जनपद पंचायत अंतागढ़ में 12 दिसम्बर को, जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में 13 को, जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर में 14 को और जनपद पंचायत कांकेर में 15 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक काउंसिलिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिले के इच्छुक शिक्षित बेरोजगार युवा कौशल उन्नयन प्रशिक्षण व रोजगार हेतु शैक्षणिक अंकसूची, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो व अन्य संबंधित दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

### पीजी कालेज में विकास भारत 2047 वाइस ऑफ युथ वर्कशॉप का आयोजन

**कांकेर 12 दिसंबर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर में विकास भारत 2047 वाइस ऑफ युथ वर्कशॉप का आयोजन प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के कुशल मार्गदर्शन एवं निदेर्शन में किया गया। आजादी के 100 साल पूरे होने यानी साल 2047 में भारत विकसित देश होने का लक्ष्य कैसे प्राप्त कर पायेगा। इसके लिए देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने ''विकसित भारत / 2047'' का प्लान भारत के युवाओं के समक्ष रखा। भारत को विकसित देश के रूप में दुनिया के सामने लाने के लिए भारत का विजन डाक्यूमेंट पेस किया गया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि ये आजादी का अमृत काल है और भारत के लिए तरक्की के राह पर अग्रसर होने का यही समय सही समय है। पूरी पीढ़ी इस समय अपनी ऊर्जा के माध्यम से देश को आगे ले जाने के लिए तैयार है। आजादी मिलने के समय जिस तरह युवा जोश ने देश को आगे बढ़ाया ठीक उसी तरह अब युवाओं का लक्ष्य और सकल्प एक ही होना चाहिए - भारत एक विकसित देश कैसे बनेगा। देश के युवाओं के साथ विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों, शिक्षकों को भी विकसित भारत के लक्ष्यों में अपना सक्रिय योगदान देने को कहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी, वरिष्ठ प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कर्मचारियों के साथ-साथ भारी संख्या में छात्र-छात्राये उपस्थित थें।

### वीर मेला राजा राव पठार में किया पुनू राम प्रधान का सम्मान

**कांकेर 12 दिसंबर।** सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ की ओर से खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सर्व आदिवासी समाज को गौरवान्वित किया है। जिससे आशा राम नेताम, अरविंद नेताम, नंदकुमार साय, मानक दरपटी, सुश्री लता उसेंडी, सुमित्रा मारकोले, नीलकंठ टेकाम, और कई नवीन विधायक बधाई एवं प्रशस्ति पत्र मोमेंटो से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर केके ठाकुर, श्याम सिंह तारम, यतीश चंद्र शुक्ल, अशोक कोर्राम, बृज लाल साहू, रुक्मणी छाटा, देवी सिंह कृषान, चंपा नाग, कांता मांडवी, माधुरी शर्मा, सुश्री सरस्वती कुंजन, रंजीता नुर्चाय, अरुण नेताम, पटेल मैम, दुर्गेशवर सोमेश, लक्ष्मी नारायण दुबे आदि ने बधाई दी।

## राशन कार्ड की मांग लेकर पहुंचीं आवेदिका के बीमार बच्चे का उपचार कराने कलेक्टर ने तत्काल भेजा अस्पताल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 12 दिसंबर।** जिला स्तरीय जनदर्शन के तहत कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा आज जिले के आवेदकों से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्याओं व मांगों का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी दौरान आज आज दोपहर 12.00 बजे छोटेपारा अर्जुनी (गोविंदपुर) निवासी श्रीमती लता निषाद अपने पांच वर्षीय बेटे को लेकर जनदर्शन में पहुंचीं थीं। आवेदन के संबंध में चर्चा के दौरान कलेक्टर को पता चला कि उनके बेटे हिमांशु की तबीयत खराब है और उसे बेहद सर्दी, खांसी, जुकाम के साथ बुखार भी है। इस पर उन्होंने अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को आवेदिका के बेटे तत्काल उपचार कराने के लिए निर्देशित किया। इस पर अमल करते हुए मां-बेटे को स्वास्थ्य विभाग की गाड़ी से तुरंत अलबेलापारा स्थित शासकीय मातृ-शिशु चिकित्सा विभाग में भेजकर आवश्यक उपचार किया गया। कलेक्टर के निर्देश पर चिकित्सक ने बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण कर उसका नेबुलाइज कर इलाज किया, साथ ही निःशुल्क दवाइयां देकर आवश्यक सावधानी बरतने के लिए आवेदिका श्रीमती निषाद को सलाह दी। उपचार के दौरान बीमार बच्चे की मां ने बताया कि उसके बच्चे मिर्गी को मिर्गी के दौरे भी पड़ते हैं। इस पर चिकित्सक ने बच्चा हिमांशु का जरूरी उपचार कर आगे के फॉलोअप के लिए उन्हें सतत् स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए अस्पताल में बुलाया है। बच्चे की मां श्रीमती निषाद ने कलेक्टर की सहृदयता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया।

# एनएमएमएससी प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले के 4 हजार से अधिक छात्रों ने लिया भाग

**उत्तर बस्तर कांकेर, 12 दिसंबर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले में शिक्षा गुणवत्ता में किये जा रहे विभिन्न प्रयासों एवं हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत जिले के कक्षा 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एनएमएमएससी प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें जिले में पहली बार 04 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। इसकी तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ. शुक्ला द्वारा समय-समय पर समीक्षा बैठक लेकर जिले के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा आठवीं के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयार करने के निर्देशित किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप गत वर्ष केवल 800 के आस-पास छात्रों ने फार्म भरा था, जिसमें से 137 छात्रों को सफलता प्राप्त हुई थी। इस बार प्रारंभ से प्रत्येक विद्यालय में परीक्षा की तैयारी कराई गई थी।



जिला शिक्षा अधिकारी श्री भुवन जैन ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखंडों में आवश्यकतानुसार परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए थे, जिससे विद्यार्थियों को आसानी से सुविधा मुहैया हो सकें। इसके लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सभी संकुल केन्द्र समन्वयकों द्वारा प्रत्येक बच्चों के परीक्षा में उपस्थित कराने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके परिणाम स्वरूप शत-प्रतिशत बच्चों ने परीक्षा दिलाई है। उन्होंने बताया कि शिक्षा सत्र 2022-23 में चयनित 137 बच्चों में से चारामा विकासखंड के ही 108 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं शेष 29 अन्य विकासखंडों में उत्तीर्ण हुए। यह भी बताया कि इस बार पूरे जिले के 612 पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में प्रारंभ से ही नोडल शिक्षक की नियुक्ति किया जाकर बच्चों के फार्म भरवाने, परीक्षा की तैयारी करवाने एवं परीक्षा केन्द्र तक लाने व ले जाने हेतु दायित्व सौंपा गया था, इसके लिए जिला स्तर पर सेल का गठन किया गया है। जिले में एनएमएमएससी परीक्षा हेतु जिला स्तर से ही प्रश्न पत्र तैयार कर बच्चों से ओएमआर शीट के माध्यम से मॉक टेस्ट भी कराया गया है, साथ ही विगत पांच वर्षों के प्रश्न पत्रों से अभ्यास कराया गया है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी जेईई में 385 बच्चों का लक्ष्य के विरूद्ध 358 छात्रों से भराया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विकासखंड मुख्यालयों के अलावा विद्यालय स्तर पर भी जेईई की विशेष निःशुल्क कक्षाओं का संचालन स्थानीय विषय विशेषज्ञों से कराया जा रहा है। इसी तरह जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा हेतु 08 हजार 523 फार्म भराकर विद्यालय स्तर पर तैयारी कराई जा रही है।

### राजधानी में चलेगा विशेष सफाई अभियान:डॉ भुरे

**रायपुर 12 दिसंबर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में सभी जोन कमिश्नरों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि कल 12 दिसंबर से रायपुर शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत एयरपोर्ट से लेकर गौरव पथ और साइंस कॉलेज मैदान तथा शहर के विभिन्न स्थानों पर नाईट स्वीपिंग मशीन द्वारा सड़को की सफाई की जाएगी। साथ ही डिवाईडरों की भी धुलाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न चौक-चौराहों मे महापुरूषों की मूर्तियों की विशेष साफ-सफाई की जाएगी। साथ ही सड़क में विचरण करने वाले मवेशियों को हटाकर संबंधित स्थान पर पहुंचाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शहर में कचरे का जमाव ना हो इसे नगर निगम टीम द्वारा निरंतर उठाव किया जाए।



## संघर्षों में बीता विष्णु देव साय का जीवन

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जनसंघ की विरासत अपने दादा स्वर्गीय बुधनाथ साय से मिली**

**रायपुर, 12 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को जनसंघ की विरासत अपने दादा स्वर्गीय श्री बुधनाथ साय से मिली। उनके दादा स्वतंत्रता के पश्चात सन् 1947 से 1952 तक तत्कालीन सीपी एंड बरार विधानसभा में मनोनीत विधायक भी रहे। श्री साय का परिवार शुरू से ही जनसंघ से जुड़ा रहा। उनके बड़े पिताजी स्वर्गीय श्री नरहरि प्रसाद साय वर्ष 1977-79 तक जनता पार्टी सरकार में संचार राज्य मंत्री रहे।

जिला मुख्यालय जशपुर से 57 किलोमीटर दूर छोटे से आदिवासी बहुल गांव बगिया के निवासी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय किसान परिवार से आते हैं। बगिया की प्राथमिक शाला में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने कुनकुरी के लोयोला मिशनरी स्कूल में एडमिशन लिया। कॉलेज की पढ़ाई के लिए वह अंबिकापुर गए। जब वह प्रथम वर्ष में थे, तभी उनके पिता श्री रामप्रसाद साय का निधन हो गया। घर परिवार की जिम्मेदारी निभाने के लिए वह पढ़ाई छोड़कर गांव वापस आ गए। बगिया में मैनी नदी के तट पर साय परिवार का आवास है। श्री विष्णु देव साय मंत्री, सांसद, विधायक रहे लेकिन वह अपने पैतृक गांव को नहीं छोड़ा। अपने दो भाईयों को पढ़ाकर-लिखाकर उन्होंने काबिल बनाया। उनके एक भाई श्री जयप्रकाश साय भारत हैवी इलेक्ट्रिकल में इंजीनियर हैं। एक भाई श्री ओमप्रकाश साय सरपंच थे। अभी चार माह पूर्व ही उनका असामयिक निधन हुआ।

श्री साय की मां श्रीमती जसमनी देवी ने कहा मेरे बेटे बाबू (विष्णु देव का निकनेम) ने सबसे पहले परिवार की सेवा की, फिर गांव की सेवा की, विधायक, सांसद, मंत्री रहकर क्षेत्र की सेवा की, अब मुख्यमंत्री बनकर राज्य की सेवा करेगा। भावुक होकर उन्होंने कहा कि आज ओमप्रकाश रहता, तो यह खुशी दोगुनी हो जाती।

श्री विष्णु देव साय पढ़ाई के लिए किए गए अपने संघर्ष को अक्सर याद करते हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र में स्कूलों के विकास पर सदैव ध्यान दिया। अपने गांव में जिस सरकारी स्कूल में उन्होंने प्राइमरी की पढ़ाई की थी वह अब हाईस्कूल बन गया है।

### पीएमटी छात्रावास कांकेर में शहीद वीर नारायण सिंह शहदत दिवस मनाया

**कांकेर 12 दिसंबर।** पीएमटी छात्रावास में शहीद वीर नारायण सिंह शहदत दिवस मनाया छात्रावास अधीक्षक कमलेवर रामटेके ने विनम्र श्रद्धांजली दिया और वीर नारायण की जीवन शैली पर विचार प्रकट किया। वीर नारायण सिंी सोनाखान के जमींदार थें उन्होने छत्तीसगढ़ में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया वह प्रथम स्वतंत्रता सेनानी थे। छात्रावास के वरिष्ट सीनियर कुमार शोरी के द्वारा छात्रों को वीर नारायण के प्रमुख बातों से अवगत कराया, और संयुक्त छात्रावास के छात्र छात्रायें राजाराव पठार मेला में सम्मिलित हुए। इस अवसर वरिष्ठ सीनियर उमेश गावडे, राजेश मरकाम, रवि मरकाम, भूतपूर्व संयुक्त महासचिव रमेश नेताम, रामलाल वट्टी, संयुक्त अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जुर्री, स्थानीय अध्यक्ष अरुण वट्टी उपस्थित थे। समस्त जानकारी संयुक्त अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जुर्री ने दिया।




### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

# समय-सीमा के भीतर वाले राजस्व प्रकरणों को तीन दिन में निराकृत करें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 12 दिसंबर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज दोपहर को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा वाले मामलों का निराकरण तीन दिवस के भीतर करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की।

जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने तहसील स्तर से जुड़े राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरण जो पटवारी अथवा राजस्व निरीक्षक स्तर पर लम्बित हैं, को तीन दिवस के भीतर पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इसी तरह अविवादित बंटवारा सहित विभिन्न प्रकरणों के निबटारे के लिए शिविर आयोजित कर जल्द से जल्द निराकृत करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान कलेक्टर ने यह भी कहा कि वृद्ध आवेदकों के प्रकरण पर संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उनकी समस्याएं सुनें व प्राथमिकता से निराकरण करें। पखांजूर तहसील में बीएसएनएल मोबाइल टॉवर स्थापित करने की 22 गांवों के ग्रामीणों की मांग के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर राजस्व अधिकारी स्थल का निरीक्षण करें तथा आवश्यक कार्यवाही के लिए जिला कार्यालय को प्रतिवेदन भेंजे। बैठक में कलेक्टर ने छात्रावासों का सतत् निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत होने तथा तात्कालिक तौर पर निराकरण किए जा सकने वाली कमियों को बिन्दुवार लिखकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।




बैठक में कलेक्टर ने लम्बित राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार जानकारी लेते हुए उन्होंने न्यायालयवार समय-सीमा के राजस्व प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, डायवर्सन सहित समय-सीमा के बाहर के प्रकरणों का त्वरित निराकरण और निराकृत नहीं होने की स्थिति में पोर्टल में कारण सहित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा। इसी तरह ई-कोर्ट, ई-नामांतरण, भू-अर्जन, भू-राजस्व वसूली, डायवर्सन भू-भाटक, नजूल वसूली के संबंध में कलेक्टर ने तहसीलवार जानकारी लेकर समीक्षा करते हुए इसमें प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति, स्वामित्व योजना, फसल कटाई प्रयोग की प्रविष्टि, मसाहती सर्वे सहित विभिन्न प्रकरणों पर भी बिन्दुवार समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री सुमीत अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर द्वय श्री मनीष मिश्रा एवं सुश्री आस्था राजपूत सहित सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार वर्चुअल बैठक में उपस्थित थे।

## एक नजर

### धान खरीदी में लापरवाही: मनोहर प्रधान को सहायक समिति प्रबंधक पद से किया पृथक

**रायगढ़, 12 दिसम्बर।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सहायक समिति प्रबंधक श्री मनोहर प्रधान को सहायक समिति प्रबंधक के धारित पद से पृथक कर दिया गया है। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला रायगढ़ के आ.जा.प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या.टेण्डा नावापारा विकासखण्ड घरघोड़ा में कार्यरत सहायक समिति प्रबंधक श्री मनोहर प्रधान द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के दौरान छ.ग.शासन के महत्वाकांक्षी योजना धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने के कारण कृषकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसके कारण कलेक्टर श्री गोयल के निर्देशानुसार उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायगढ़ के द्वारा जारी पत्र के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति मर्या.लोईंग को श्री मनोहर प्रधान को पद से पृथक करने हेतु पत्र जारी किया गया था, जिसके परिपालन में प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोईंग द्वारा 11 दिसम्बर 2023 को श्री मनोहर प्रधान को सहायक समिति प्रबंधक के धारित पद से पृथक कर दिया गया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 3 जनवरी तक आवेदन

**रायगढ़, 12 दिसम्बर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी), जिला-रायगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र सेठीनगर बी वार्ड क्रमांक 22, आंगनबाड़ी केन्द्र बालसमुन्द वार्ड क्रमांक 25, आंगनबाड़ी केन्द्र रेलवे कालोनी वार्ड क्रमांक 18 एवं गांधीनगर सी वार्ड क्रमांक 33 में आंगनबाड़ी सहायिका पद रिक्त होने से उक्त पद पूर्ति हेतु 12 दिसम्बर से 3 जनवरी 2024 तक इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन पत्र मंगाये गये है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश व नियम शर्तो की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### रोजगार स्थापित करने युवाओं को दिया जाएगा ऋण

**महासमुंद, 12 दिसंबर।** युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) अंतर्गत महासमुंद जिले में वर्ष 2023-24 के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत युवाओं के लिए निर्माण क्षेत्र जैसे दोना पत्तल, फर्नीचर, आलमारी निर्माण, अगरबत्ती, साबुन, वाशिंग पाउडर आदि निर्माण से संबंधित इकाई के लिए अधिकतम लागत 50 लाख एवं सेवा क्षेत्र जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, च्वाइस सेंटर, ब्यूटी पार्लर, रिपेयरिंग कार्य, टेलरिंग कार्य आदि सेवा क्षेत्र से संबंधित कार्य के लिए अधिकतम लागत 20 लाख रुपए।

### 190 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 13 दिसम्बर को

**धमतरी 12 दिसम्बर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा 13 दिसम्बर बुधवार को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कलेक्टोरेट के पास स्थित कम्पोजिट भवन के कमरा नंबर 45 में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उप संचालक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र श्रीमती पुष्पा चौधरी ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा बैंक प्रबंधक एवं सिक्युरिटी गार्ड के कुल 190 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जायेगा। बैंक प्रबंधक हेतु 19 से 30 साल तक की आयु के बारहवीं अथवा स्नातक पास अभ्यर्थी और सेक्यूरिटी गार्ड के लिए 20 साल से अधिक आयु के दसवीं पास अभ्यर्थी साक्षात्कार में हिस्सा ले सकते हैं।प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए आवेदकों को सभी शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र की मूल एवं छायाप्रति और दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ निर्धारित स्थान और नियत समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### ई-केवायसी 30 जनवरी तक स्थगित

**धमतरी 12 दिसम्बर।** जिले में संचालित सभी 14 गैस एजेंसियों द्वारा सामान्य घरेलू गैस एवं उज्जवला योजना के तहत जारी कुल दो लाख 9 हजार 216 गैस कनेक्शन जारी किया गया है। उक्त सभी गैस कनेक्शनधारियों का पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, द्वारा ई-केवायसी के निर्देश दिये गये थे। खाद्य अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में सभी गैस एजेंसियों द्वारा ई-केवायसी का कार्य किया जा रहा था। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्रीय प्रबंधक एचपीसीएल के निर्देशानुसार आगामी 30 जनवरी 2024 तक ई केवायसी का कार्य स्थगित किया गया है।

### शहीद वीर नारायण सिंह देश के गौरव:अरविंद गोटे

**राजनांदगांव, 12 दिसंबर।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिला अध्यक्ष श्री अरविंद गोटे ने कहा कि अमर शहीद वीर नारायण सिंह ने आदिवासी समाज सहित छत्तीसगढ़ राज्य एवं पूरे भारत वर्ष के गौरव हैं। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने न केवल आदिवासी समाज बल्कि अपने राज्य के सभी भूख से पीड़ित जनता के कल्याण के लिए उस समय के शक्तिशाली साहूकारों एवं अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेना स्वीकार किया था।

नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों में प्रसारण की होगी व्यवस्था

# सीएम विष्णुदेव साय के शपथग्रहण समारोह का होगा सीधा प्रसारण



**रायगढ़, 12 दिसम्बर।** प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 13 दिसंबर को रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित समारोह में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा जिससे प्रदेश के दूसरे हिस्सों में भी लोग समारोह को देख सकें। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम लाइव प्रसारित किया जाएगा। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं करने हेतु निर्देशित किया है।

### रायगढ़ शहर में दो स्थानों में शपथ ग्रहण का होगा लाइव प्रसारण

आयुक्त नगर निगम श्री सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि रायगढ़ शहर में दो स्थानों नगर निगम ऑडिटोरियम और ग्रैंड मॉल के सामने शपथ ग्रहण समारोह के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है, जहां से आम जन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय व मंत्री मंडल के शपथ ग्रहण समारोह को देख सकेंगे।

## अजा वर्ग से उपमुख्यमंत्री या स्पीकर बनाने की मांग

**महासमुंद।** प्रगतिशील छग सतनामी समाज के प्रदेशाध्यक्ष दिनेश बंजारे व सतनामी समाज के प्रदेश प्रवक्ता व अनुसूचित जाति समाज महासमुंद के जिलाध्यक्ष रेखराज बघेल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को ईमेल के माध्यम से पत्र लिखकर अनुसूचित जाति के किसी भी एक विधायक को उपमुख्यमंत्री या विधानसभा अध्यक्ष बनाने की मांग की है। पत्र में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भूल सुधार कर राज्य में दो की जगह तीन उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के मुख्यमंत्री व दो उपमुख्यमंत्री के पद पर पिछड़ा वर्ग व सवर्ण समाज को बैलेंस किया गया है तो अनुसूचित जाति के किसी भी एक विधायक को उपमुख्यमंत्री या विधानसभा अध्यक्ष बनाकर सबके साथ सबके विकास व मनखे मनखे एक बरोबर के संदेश को बरकरार रखें। पत्र में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने पूरा बहुमत हासिल कर सरकार बना रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी को जिताने के लिए छत्तीसगढ़ के हर वर्ग जाति के लोगों ने वोट किया है। पूर्व के सरकार में अनुसूचित जाति समाज के साथ जगह जगह घटना घटित होने से आक्रोशित होकर भाजपा को वोट कर जिताया है। चुनाव के पूर्व छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर द्वारा अनुसूचित जाति के समाज प्रमुखों से मिलकर वादा किया जाता रहा कि अनुसूचित जाति वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व व समाज के साथ किसी प्रकार की अन्याय शोषण नहीं होगा। परंतु, पूर्ण बहुमत हासिल करते ही राज्य के तीसरे नंबर की आबादी वाले अनुसूचित जाति वर्ग को उपमुख्यमंत्री में प्रतिनिधित्व नहीं देना वादा खिलाफी व भेदभाव को इंगित करतीं हैं। पूरे छत्तीसगढ़ के विधायकों में सबसे वरिष्ठ व अनुभवी अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाले मुंगेली विधायक पुन्नु लाल मोहले है, जो सात बार के विधायक व चार बार के सांसद रहे हैं। फिर भी मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री नहीं बनाना बहुत ही निराशाजनक है। जब पहली बार जीतने वाले को उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है तो बड़े आबादी वाले अनुसूचित जाति समाज के किसी विधायक को क्यों नहीं है?

## जिले के प्रगतिशील कृषक कृष्ण कुमार गबेल नई दिल्ली में 'भारत के करोड़पति पुरस्कार से सम्मानित



रायगढ़, 12 दिसम्बर। कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ के तकनीकी मार्गदर्शन में ग्राम-ठूसेकेला विकास खण्ड-खरसिया रायगढ़ जिले के प्रगतिशील एवं उन्नत कृषक श्री कृष्ण कुमार गबेल को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली में कृषि जागरण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारत के करोड़पति पुरस्कार 2023 सम्मान से सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बी.एस.राजपूत भी उपस्थित रहे। डॉ.राजपूत ने कहा देश के हर क्षेत्र से किसानों की सूची भेजी गयी थी जिसमें हमारे रायगढ़ जिले के लिए बहुत ही गौरव का विषय है कि ग्राम ठूसेकेला विकासखण्ड खरसिया से उन्नतशील कृषक श्री कृष्ण कुमार गबेल को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कृषि में नवाचार, तकनीकी हस्तातरण, मशीनीकरण, बीज उत्पादन, उद्यम विकास एवं एकीकृत कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट मेहनत से यह मुकाम हासिल किए है। श्री गबेल के इस उपलब्धि के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ के समस्त वैज्ञानिकों में डॉ.मनीषा चौधरी डॉ.के.के पैकरा, डॉ.के.डी.महंत, डॉ.सी.एस.सोलंकी,डॉ.सविता आदित्य,डॉ.एन.सी. बंजारा, श्री आषुतोष सिंह शांडिल्य, श्री नीलकमल पटेल, श्री मनोज साहू के साथ-साथ कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के अधिष्ठाता डॉ.ए.के सिंह एवं उपसंचालक कृषि रायगढ़ के श्री ए.के.वर्मा तथा जिले के समस्त किसान बन्धुओं ने खुशी एवं हर्ष व्यक्त किया है।

### विश्व शौचालय दिवस पर स्कूली बच्चों को दी स्वच्छता की जानकारी

**दुर्ग, 12 दिसम्बर।** नगर पालिक निगम!आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा 25 दिसम्बर क्लीन टॉयलेट कैंपेन अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता टीम द्वारा रोज नगर निगम के सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय की विशेष साफ सफाई किया जा रहा है। नागरिको को जागरूक बनाया जा रहा है।अभियान के दौरान स्कूली बच्चों को स्व सहायता समूह ने भ्रमण कराया जा रहा है,स्कूली बच्चों को स्वच्छता की जानकारी दी जा रही है, स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत महतारी घाट एवं अन्य सार्वजनिक जगहों पर नागरिको के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है।

## राष्ट्रीय प्रावीण्य छात्रवृत्ति, विज्ञान पहेली प्रतियोगिता परीक्षा में बच्चों ने दिखाई विशेष रुचि



**रायगढ़, 12 दिसम्बर।** एस.सी.ई.आर.टी.छ.ग.रायपुर से प्राप्त निर्देश अनुसार रायगढ़ जिले के सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा तथा विज्ञान पहेली परीक्षा 10 दिसंबर 2023 को दो पाली में रायगढ़ मुख्यालय के 4 परीक्षा केंद्र सेजेस नटवर स्कूल, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय रायगढ़, सेजेस चक्रधरनगर, सेजेस जूटमिल तथा पुसौर, खरसिया, तमनार स्थित परीक्षा केंद्रों में जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण ढंग से संचालित किया गया। इस परीक्षा में 1600 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया जो की एक रिकार्ड है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी केंद्रों के लिए एक-एक आब्जर्वर की नियुक्ति की गई थी, जिनके देखरेख में परीक्षा संचालन किया गया। परीक्षा संचालन की संपूर्ण व्यवस्था के लिए जिला समन्वयक केंद्र शासकीय उच्च.माध्य.स्कूल जूटमिल को बनाया गया था। प्राचार्य श्री चन्द्रा ने बताया कि उक्त परीक्षा में 1600 बच्चों ने भाग लिया। रविवार 10 दिसंबर को जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल जिसमें स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला, सहायक परियोजना अधिकारी श्री बी.पटेल तथा सहायक परियोजना अधिकारी श्री आलोक स्वर्णकार की टीम ने सभी केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा संचालन की स्थिति का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूरे परीक्षा में बच्चो में विशेष उत्साह तथा रुचि देखी गई। विशेष बात यह रही कि निजी विद्यालयों के बच्चों से भी शासकीय विद्यालयों के बच्चों की संख्या ज्यादा देखी गई, जिसमें उनके मार्गदर्शक शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान देखा गया।

## स्कूली बालक-बालिकाओं को मानवाधिकार पर दी गई कानूनी जानकारी




**रायगढ़, 12 दिसम्बर।** जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ श्री अरविन्द्र कुमार सिन्हा के निर्देशन में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर, पैरालीगल वालिंटियर्स के द्वारा विभिन्न स्थानों, ग्राम, स्कूल में मानवाधिकार के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए यह बताया कि 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राईट को स्वीकार किये जाने के पश्चात 10 दिसम्बर को मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना सरकार द्वारा मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 के अधीन की गई थी। आयोग के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुऐ पीएलव्ही के द्वारा बच्चों को यह बताया गया कि आयोग में कुल आठ सदस्य होते हैं, जिनमें एक अध्यक्ष, एक वर्तमान अथवा पूर्व सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश, एक वर्तमान अथवा भूतपूर्व उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश, मानवाधिकार के क्षेत्र में जानकारी रखने वाले कोई दो सदस्य तथा राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष। उक्त सभी सदस्यों का कार्यकाल पांच साल का होता है। लोक संहिता प्रक्रिया 1908 पर जानकारी देते हुए बताया कि इसके अधीन आयोग को सिविल न्यायालय की समस्त शक्तियॉ प्राप्त है। आयोग अपने समक्ष प्रस्तुत किसी पीड़ित अथवा उसकी ओर से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दायर किसी याचिका पर स्वयं सुनवाई एवं कार्यवाही कर सकता है। इसके अतिरिक्त आयोग न्यायालय की स्वीकृति से न्यायालय के समक्ष लम्बित मानवाधिकारों के प्रति हिंसा संबंधी किसी मामले में हस्तक्षेप कर सकता है। इसके अतिरिक्त पूर्व सूचित करके किसी भी कारागार का निरीक्षण कर सकता है। अन्त में बालक-बालिकाओं को रैगिंग के बारे में यह जानकारी दी कि यह मानव अधिकार का पूर्णतः हनन है। छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्थाओं में प्रताड़ना (रैगिंग) का प्रतिषेध अधिनियम 2001 राज्य शैक्षणिक संस्थाओं में रैगिंग के द्वारा छात्राओं के मानवीय एवं संवैधानिक मूल्यों का हनन होने से रोकने तथा संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। रैगिग का मतलब किसी भी छात्र-छात्राओं को ऐसे व्यवहार या कार्य के लिये बाध्य करना, जिससे उसके मानवीय मूल्यों का हनन व व्यक्तिगत अपमान व उपहास होता हो या उसे अभित्रास सदोष-परिरोध या क्षति या उस पर आपराधिक बल के प्रयोग या सदोष अवरोध, सदोष परिरोध क्षति या आपराधिक बल का प्रयोग कर अभित्रास देते हुए किसी विधि पूर्ण कार्य करने से रोकता है। इसके साथ ही पैरालीगल वालिंटियर्स के द्वारा प्रत्येक शिविर/जागरूकता कार्यक्रम में आग्रामी नेशनल लोक अदालत 16 दिसंबर 2023 के संबंध में मौखिक रूप से तथा पाम्पलेट के माध्यम से लोक अदालत के सफल बनाने हेतु वृहद प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### भाषा उत्सव में बच्चों ने कई विषयों पर चर्चा की



**रायगढ़, 12 दिसम्बर।** भाषा उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला भगोरा, संकुल केन्द्र तिलगा विकासखण्ड रायगढ़ का छ.ग.शासन के निर्देश अनुसार उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में ट्यूनिंग कार्यक्रम उड़ीसा राज्य के सुंदरगढ़ जिले के हिमगिर ब्लाक अंतर्गत ग्राम बेहरामुंडा के विद्यालय का, बच्चों के साथ ट्यूनिंग कराया गया जिसमें बच्चों ने एक दूसरे के शालेय गतिविधि, संस्कृति, खानपान रहन-सहन आदि पर चर्चा किया गया एवं उत्साह के साथ एक दूसरे के गतिविधियों को शेयर किया गया। ट्यूनिंग कार्यक्रम के दौरान श्री सुशील चौहान सीएसी तिलगा श्री मोहन राठिया, सीएसी पतरापाली एवं श्री रोहित सिदार सीएसी जामगांव के द्वारा सहभागिता की गई। शालेय गतिविधि उत्कृष्ट पाई गई एवं अनुकरणीय वातावरण देखने को मिला। उक्त कार्यक्रम से बच्चो को निश्चित रूप से नया वातावरण बनाने में योगदान मिलेगा। कार्यक्रम श्री एन.के.चौधरी जिला समन्वयक समग्र शिक्षा जिला रायगढ़ एवं श्री भुवनेश्वर पटेल एपीसी समग्र शिक्षा जिला रायगढ़ का कुशल मार्गदर्शन तथा श्री मनोज अग्रवाल बीआरसी रायगढ़ के सहयोग से सम्पन्न

## समाचार संक्षेप

### मानव अधिकार दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




**बीजापुर 12 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मानव अधिकार दिवस के अवसर पर 10 दिसम्बर 2023 को छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर एवं अध्यक्ष, तालुका विधि सेवा समिति बीजापुर द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229 बटालियन के श्री सुनील कुमार मिश्रा, उप महानिरीक्षक के सहयोग से 229 बटालियन के अधिकारीगण एवं जवानों को मानव अधिकार दिवस के अवसर पर संबोधित किया गया।ताजुद्दीन आसिफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर द्वारा मानव अधिकार दिवस के संबंध में बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस घोषणा को वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण के महत्व को समझने के लिए सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत किया गया था। मानव अधिकार इंसान को जन्म से ही प्राप्त है, मानव अधिकार वे मूलभूत अधिकार है जिनसे मनुष्य को नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि के आधार पर वंचित नहीं किया जा सकता। मानव अधिकार दिवस मनाने का मकसद लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और शिक्षा का भी अधिकार शामिल है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229 बटालियन के जवानों को जिला बीजापुर एक नक्सल प्रभावित आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने से नक्सली घटनाओं में पीड़ित आम जनता के संबंध में उनके मानव अधिकार के हनन की रोकथाम करने हेतु विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। मानव अधिकार दिवस का महत्व बताने के उपरान्त श्री ताजुद्दीन आसिफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का भी जवाब दिया गया। मानव अधिकार दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर में श्रीमती वर्षा, अरूण शर्मा, सहायक कमाण्डेन्ट एवं वाहिनी के कमाण्डेन्ट श्री पुष्पेन्द्र कुमार एवं अन्य अधिकारीगण व जवान उपस्थित थे।

### टीबी चैंपियंस को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**बीजापुर 12 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभा कक्ष में पिरामल स्वास्थ्य के सहयोग से एक दिवसीय टीबी चैंपियन का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से राज्य कार्यालय पिरामल से उपस्थित डॉक्टर फैसल रजा खान ,खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास कुमार गेवल , जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र राय एवं समस्त एस टी एस जिला बीजापुर की उपस्थिति में प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। जिसमें सभी विकासखंड से टीबी की दवा खाकर स्वस्थ हुए युवाओं को प्रशिक्षण में शामिल किया गया था, प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जहां एक और समाज में फैले हुए टीबी संक्रमित मरीजों के साथ दुर्व्यवहार एवं भेदभाव को समाप्त करना है वही स्वयं एक टीबी के चैंपियन के रूप में लोगों को समुदाय आधारित जागरूकता फैलाकर टीवी के संक्रमण को समय रहते पहचान करते हुए जल्द से जल्द टीबी मुक्त पंचायत के संकल्प को पूरा करना भी मुख्य आधार है। सहयोगी साथी के रूप में पिरामल स्वास्थ्य से डीपीओ सूरज सिंह डी पी सी भरत साहू,गांधी फेलो गोपीनाथ पत्रा भी शामिल हुए।

### प्राकृतिक आपदा से पीड़ित के परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**बीजापुर 12 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र (6)4 के तहत् प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत तालाब में डुबने से मृत्यु के प्रकरण में मृतक पतिराम लेकाम के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती प्रमिला लेकाम को 4 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई



**महासमुंद।** आसरा फाउंडेशन (एनजीओ) के वार्षिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गरीब बच्चों को पेन, कॉपी, पानी बोतल, बिस्किट, मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर आसरा फाउंडेशन के अध्यक्ष ईशा टंडन, सीईओ अनिल कुमार, दीपक राव भोसले, साहिल जांगड़े, सुमन कुमार, चंचल वाणी, गीता दुबे सहित ऑफिस स्टॉफ उपस्थित थे।

## एक नजर

### वाहन नीलामी प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सूचना

**बलौदाबाजार, 12 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नीलामी तिथि पूर्व में 12 दिसम्बर निर्धारित की गई थी, जिसको अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर अब वाहन नीलामी 20 दिसम्बर को नियत की गई है। अब वाहन नीलामी प्रक्रिया 20 दिसम्बर को 11 बजे आयोजित की जाएगी।

### आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 12 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 8 दिसम्बर 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में सरोज धीवर पति स्व. गणेश राम धीवर निवासी ग्राम पलारी तहसील पलारी, गुलेश्वरी बाई मरकाम पति स्व. शिवशंकर मरकाम, निवासी ग्राम बिटकुली तहसील लवन, धनेश्वर डहरिया पिता बाबूलाल डहरिया, निवासी ग्राम पनगांव बम्हनुड़ी, तहसील लवन एवं सोनकुमार सोनवानी पिता जगतूराम सोनवानी निवासी ग्राम घुलघुल, तहसील लवन शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के तालाब के पानी में डूबने, सर्पदंश, बिच्छू के डंक मारने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### पुरानी बस्ती में देवी जागरण 15 को

**कोरबा, 12 दिसंबर।** कोरबा अंचल के पुरानी बस्ती क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 15 दिसंबर की संध्या 8 बजे से भव्य जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध जस गायक मनीष मनचला अपनी टीम के साथ जसगीतों व आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति देंगे। पुरानी बस्ती में आयोजित इस जागरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसीएन ग्रैंड न्यूज के संपादक कमलेश यादव एवं रानी धनराज कुंवर देवी के वंशज रवि भूषण प्रताप सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के आयोजन में विशाल साहू, दीपक साहू, मोना सिंह राजपूत, सुरेश सोनी, संजय श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, रोहन गोस्वामी, महेंद्र राजपूत, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, सागर साहू, दीपक साहू एवं अंशु साहू सहित समिति के समस्त सेवकगण का अहम योगदान हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने शहर के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### अभिनव कांत ने कोतवाली रूपक ने दर्री का लिया चार्ज

**कोरबा, 12 दिसंबर।** विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद जिला पुलिस बल में पहली बार स्थानांतरण किया गया है। इसमें 8 निरीक्षक और दो उपनिरीक्षक की पदस्थापना परिवर्तित की गई। उक्तानुसार अभिनवकांत सिंह को पाली से कोरबा कोतवाली पदस्थ किया गया है। उन्होंने आज यहां पदभार संभाल लिया है। जबकि कोतवाली थाना प्रभारी रूपक शर्मा को दो वर्ष के बाद दर्री पुलिस थाना स्थानांतरित किया गया है। सोमवार को उन्होंने यहां पर प्रभार ग्रहण किया। दोनों निरीक्षक अपने काम करने की क्षमता और अपराध नियंत्रण के मामले में विशेष कौशल के लिए जाने जाते हैं।

### 17 लाख की लागत से उतरदा में बनेगा नया तालाब

**कोरबा, 12 दिसंबर।** कोरबा जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत उतरदा के भदरापारा में रोजगार गारंटी मद से 17 लाख का नया तालाब खनन कार्य का शुभारंभ किया गया। तालाब के निर्माण हो जाने से लोगों को निस्तारी के लिए सहुलियत होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच ओंकार सिंह नेटी, सचिव ईश्वर सिंह पोर्ते, रोजगार सहायक निर्मला टेकाम, सोनी मरावी, इन्द्रसेन, शांति राठौर, अमरीका प्रसाद राठौर, सहदेव पटेल, शिवरतन, ईश्वर प्रसाद, अंत मरकाम, सुंदर नेटी, पंचु यादव के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 12 दिसम्बर।** शहीद वीर नारायण सिंह जी के शहादत दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज द्वारा शीतला मन्दिर प्रांगण में धूमधाम के साथ मनाया गया।आदिवासी समाज द्वारा विशाल रैली निकाली गई चौक में हजारों आदिवासीयों ने विधि विधान के साथ आदिवासी संस्कृति अनुसार शहीद वीर नारायण सिंह की छायाचित्र की पुजा अर्चना कर उनके बताये रास्तों पर चलने का संकल्प लिया।

वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में आदिवासी युवाओं ने रैली निकाल कर सभा का आयोजन किया गया।सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकुर ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह प्रदेश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे जिन्होंने गरीबों की भलाई और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जननायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे उन्होने सन् 1856 के भीषण अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया मातृभूमि के प्रति समर्पण और उनका बलिदान हमेशा याद किया जायेगा।

पन्ना लाल ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज ने कहा कि आज आदिवासी समाज को संकल्प लेने की जरूरत है कि शहीद वीर नारायण सिंह के बताये रास्तों पर चलकर समाज का विकास करना जरूरी है।प्रो.पोस्ट मैट्रिक छात्रावास छात्र छात्राओं के द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुति भी किया गया।इस मौके पर प्रमुख रूप से सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष व वर्तमान जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकुर, पन्नालाल ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज छुरा, तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, कौशल ठाकुर अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज तहसील छुरा, उमेंन्द सिंग सोरी राजगोड़ समाज प्रमुख, खोमन चंद्राकर नगर पंचायत अध्यक्ष छुरा, मोहन ठाकुर संरक्षक आदिवासी समाज, कुलेश्वर ठाकुर हॉस्टल अधीक्षक, गिरधारी कुंभकार हास्टल अधीक्षक, तुलेश्वरी कंवर हास्टल अधीक्षिका, थानेश्वर कंवर जी कंवर समाज, पवन ध्रुव, देवेश ठाकुर, संतोष सोरी, पुनितराम ठाकुर, गुंजा ठाकुर भगवती कौशल्या ठाकुर सहित महिला पुरुष युवा बड़ी संख्या में आदिवासी समाज व नगर के लोग भारी जनसंख्या में उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी शीतल ध्रुव के द्वारा किया गया।

### कलेक्टर के प्रयास से ममता के आंखों की रोशनी लौटी

# रेडक्रॉस समिति के सहयोग से आंखों का हुआ सफल कॉर्नियल ट्रांसप्लांट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 दिसम्बर।** कलेक्टर चंदन कुमार के मानवीय प्रयासों से ममता टंडन को एक नई रोशनी मिली है। बचपन से आंखों में संक्रमण की शिकार हुई आर्थिक रूप से कमजोर ममता की सफल कॉर्नियल ट्रांसप्लांट की गई है जिससे अब उनको देखना प्रारंभ हो गया हैं। भाटापारा तहसील के अंतर्गत ग्राम राजाढार की निवासी 23 वर्षीय ममता टंडन जब दो वर्ष की थी तब उल्टी दस्त के दौरान उसकी आँखों में संक्रमण हुआ जिससे उसकी आँखों की रौशनी जाती रही। उस समय काफी प्रयास के पश्चात भी वह ठीक नहीं हुई और अंधत्व की स्थिति निर्मित हो गई। इसकी जानकारी जब जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर को हुई तब उन्होंने पहल करते हुए कलेक्टर श्री चंदन कुमार को इस बात से अवगत कराया गया। तब उनके द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए मरीज के ऑपरेशन की व्यवस्था रेड क्रॉस फंड के माध्यम से की गई। जिसके तहत उनको 65 हजार रूपये मुहैया कराया गया।

मरीज का रायपुर के एक निजी अस्पताल में सफलतापूर्वक कॉर्नियल ट्रांसप्लांट किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महिस्वर ने बताया की छह साल पहले सिविल अस्पताल,भाटापारा द्वारा प्रयास किया गया था और मरीज को कॉर्निया प्रत्यारोपण के लिए सूची में रखा गया था और प्रत्यारोपण के लिए दाता का इंतजार किया जा रहा था। वर्ष 2023 में राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम (चिरायु) भाटापारा की चिकित्सा अधिकारी डॉ. शारा राम ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र माहेश्वरी को इस बात से अवगत करवाया तब खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने जिला कार्यालय को केस के संबंध में जानकारी



दी। ममता टंडन के परिवार की आर्थिक स्थिति साधारण सी है। अब चूंकि मरीज की आयु 23 वर्ष हो चुकी थी ऐसे में राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम का लाभ इस कारण नहीं मिल पा रहा था। जिस कारण निजी अस्पताल में होने वाले खर्च के संबंध में कलेक्टर श्री चंदन कुमार को अवगत कराया जिस पर कलेक्टर ने कार्रवाई करते हुए जिला रेड क्रॉस समिति से उक्त ऑपरेशन के लिए राशि स्वीकृत की और मरीज का रायपुर के एक निजी अस्पताल में सफलतापूर्वक कॉर्नियल ट्रान्सप्लांट ऑपरेशन किया गया। चिरायु की चिकित्सा अधिकारी डॉ शारा राम भी परिजनों के सहयोग हेतु साथ थीं। राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार कार्निया आंखों में प्रकाश की किरणों को रेटिना में केंद्रित करने का कार्य करता है जिससे हमें दिखाई देने में मदद मिलती है। किसी कारणवश यदि यह क्षतिग्रस्त हो जाती है तो व्यक्ति में दृष्टिहीनता पैदा होती है।कॉर्नियल ट्रांसप्लांट में कॉर्निया के पूरे या उसके कुछ हिस्से को हटाने और इसे स्वस्थ दानदाता से बदलने की क्रिया की जाती है। द्य मरीज के परिजनों ने कलेक्टर श्री चंदन कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग को इस ऑपरेशन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## समाचार संक्षेप

### जिले में चखना सेंटर हटाए गए, मटन मार्केट को हटाने दिया अल्टीमेटम



**बलौदाबाजार, 12 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार,राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम ने नगर के रिसदा रोड़ स्थित अवैध चखना सेंटर सहित आस पास के अतिक्रमण को हटाएं है। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा बाजार स्थित मटन मार्केट के दुकानों को 24 घंटे के भीतर हटने एवं प्रस्तावित नवीन मटन मार्केट में शिफ्ट होने के निर्दश सभी दुकानदारो को दिए है। नगर पालिका आधिकारी श्री ठाकुर ने बताया कि नगर में अतिक्रमित जगहों का चिन्हांकन कर लिया गया है। आने वाले 2-3 दिनों में लगातर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर चंदन कुमार ने आज अभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए है अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करे एवं इसकी जानकारी निर्धारीत माध्यम से जिला कार्यालय को दी जाएं। आज की कार्रवाई में बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल, कोतवाली थाना प्रभारी सहित राजस्व, पुलिस, नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### पेड़ गिरने से चार खंभे प्रभावित, विद्युत आपूर्ति बाधित

**कोरबा, 12 दिसंबर।** मौसम में आए बदलाव के कारण जहां बेमौसम बारिश हुई, वहीं कई इलाकों में पेड़ गिरने की घटना भी सामने आई है। इससे विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। वनांचल क्षेत्र में गिरे पेड़ की जद में चार विद्युत खंभे आ गए, जिनके सुधार कार्य में विद्युत अमला जुटा हुआ है। कोरबा सीमावर्ती क्षेत्र मोरगा से दो किलोमीटर दूर एक विशाल वृक्ष के गिर जाने से बिजली के चार खंभे धराशायी हो गए हैं। बिजली के खंभों के गिर जाने से क्षेत्र में बीते 24 घंटे से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना लाइनमैन को दी है। लाइनमैन ने बताया कि पोड़ी सब स्टेशन में जानकारी दे गई है। इसके बावजूद अब तक सुधार कार्य शुरू नहीं हो सका है। बिजली गुल होने से पेयजल की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। शासकीय कार्यालय, पेट्रोल पंप, बैंक समेत अन्य जगहों पर काम काज ठप हो गया है।

### नपं अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने पार्षद लामबंद

**कोरबा, 12 दिसंबर।** प्रदेश मे सत्ता परिवर्तन होते ही नगर पंचायत छुरीकला के कांग्रेस अध्यक्ष को हटाने को लेकर पार्षद एक बार फिर लामबंद होने लगे हैं। इसके साथ ही अविश्वास लाने की मांग जोर पकडने लगी है, इसके लिए पार्षद ने बैठक कर प्रक्रिया शुरू हो गई है। नगर पंचायत छुरीकला चुनाव के बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए मशक्कत व विरोध के बाद चुना गया था। अध्यक्ष चुनाव उपरांत अध्यक्ष व पार्षदों बीच तनातनी शुरू हो गई है तथा तालमेल नहीं होने से चुनाव के तीन साल बाद असंतुष्ट, पार्षद अध्यक्ष को हटाने को लेकर शुरू हो गई। असंतुष्ट पार्षद देवेन्द्र देवांगन, नीरा बाई चेलकर और हीरालाल यादव के हस्ताक्षर युक्त अविश्वास प्रस्ताव ज्ञापन एक अगस्त 2022 को तत्कालीन जिला कलेक्टर संजीव झा को सौपा था। तत्कालीन कलेक्टर झा ने राजनीतिक दबाव में पार्षद द्वारा दी गई अविश्वास प्रस्ताव ज्ञापन को ठंडे बस्तें में डाल दी गई, उक्त मामले को लेकर पार्षदों द्वारा जिला कलेक्टर को स्मरण पत्र दिए गए।

### खुली खदानों में कोयला मंत्रालय ढूंढ रहा भूमिगत का विकल्प

**कोरबा 11 दिसम्बर।** कोल इंडिया ने अब खुली खदानों (ओपन कास्ट) की जगह भूमिगत खदानों पर ध्यान केंद्रित कर दिया है। इससे पर्यावरण संरक्षण में और अधिक मदद मिलेगी। साथ ही हरे-भरे पेड़ों की कटाई और जमीन अधिग्रहण को लेकर पेंच नहीं फंसेगा। पहले ही पर्यावरण, वन मंत्रालय व राज्य सरकार की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ के लगभग 10 प्रतिशत आरक्षित क्षेत्र वाले नए कोल ब्लाकों को कमर्शियल माइनिंग की नीलामी सूची से हटा दिया गया है।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सुझावों की अनदेखी कर कोयला मंत्रालय, कामर्शियल माइनिंग करने के पक्ष में नहीं है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ के घने जंगल क्षेत्र में आने वाले 40 नए कोल ब्लाकों को नीलामी के अगले दौर के लिए बाहर कर दिया गया है। इसमें हसदेव अरण्य व लेमरू अभयारण्य के कोल ब्लाक अधिक हैं। गैर अधिसूचित किए गए क्षेत्रों में अब निजी सेक्टर के माध्यम से खानों के प्रचालन में भूमिगत खनन में रुचि आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन प्रविधानों पर भी विचार किया जा रहा है। यहां बताना होगा कि कोयला मंत्रालय के प्रयासों के परिणामस्वरूप, पिछले पांच वर्षों के दौरान कोयले की कुल खपत में आयात का हिस्सा 26 प्रतिशत से घटकर 21 प्रतिशत हो गया। फिर भी, भारत भारी विदेशी मुद्रा खर्च करके सालाना 2000 लाख टन से अधिक कोयले का आयात कर रहा है। पिछले साल भारत ने कोयले के आयात बिल पर 3.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय किए।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक जनचौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 दिसम्बर।** कलेक्टर चंदन कुमार ने सोमवार को आयोजित साप्ताहिक जनचौपाल में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इनमें से गंभीर किस्म प्रकरणों की जांच कर समय-सीमा की बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जन-चौपाल में विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम लटुवा निवासी मनहरण वर्मा ने जमीन अधिग्रहण का मुआवजा राशि भुगतान हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार ग्राम चांदन निवासी टीकम सिहं नायक ने फड़ प्रभारी चांदन के द्वारा अवैध रूप से धान विक्रय करने की शिकायत की । इसी तरह ग्राम पनगांव निवासी रविशंकर साहू ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने हेतु आवेदन किया। जिस पर कलेक्टर श्री कुमार ने सम्बंधित विभागों को समय -सीमा के भीतर आवेदनों को निराकरण के निर्देश दिए है। जनचौपाल का लाभ लेने लोग दूर दूर से जिला कार्यालय पहुँचते है।

### कलेक्टर ने डबल लॉक स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

# पंजियों का अवलोकन कर प्रविष्टियों का किया सत्यापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 दिसम्बर।** कलेक्टर चंदन कुमार ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के भूतल पर स्थित ट्रेजरी के डबल लॉक स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे गए विभिन्न मूल्यों के स्टाम्प, टिकट ,फार्म एवं पंजियों का अवलोकन किया तथा पंजियों में की गई प्रविष्टि का सत्यापन किया।

लेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी से स्ट्रांग रूम में उपलब्ध विभिन्न मूल्यों के न्यायिक एवं गैर न्यायायिक स्टाम्प पेपर तथा रसीदों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्टाम्प अधिनियम का अध्ययन कर कार्य की प्रकृति के अनुसार उचित मूल्य के स्टाम्प पेपर तय करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम में रखे गए डाक मत पेटियों की बारे में भी जानकारी ली। जिला कोषालय अधिकारी श्री के



के दुबे ने बताया कि 10 रुपये और 50 रुपये के स्टाम्प पेपर की मांग ज्यादा होने के कारण उपलब्धता कम है वही 5 रुपये के स्टाम्प पेपर की मांग कम होती है। इसीप्रकार 500 रुपये के नॉन जुडिसियल स्टाम्प पेपर का कम उपयोग होने के कारण इसकी बडी मात्रा में उपलब्धता है। उन्होंने बताया कि 9 करोड़ से अधिक के स्टाम्प पेपर व टिकट उपलब्ध है।

इस दौरान अपर कलेक्टर श्री वीसी एक्का, लेखा अधिकारी श्री उत्तम तुर्काने सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी मौजूद थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन के लिए जिला स्तरीय टीम गठित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 दिसम्बर।** भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जिले में इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने जिला स्तरीय टीम का गठन कर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कार्यक्रम के तहत समस्त विभागों के विकासमूलक कार्यों का यात्रा के माध्यम से प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला नोडल अधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम गठित किया गया है जिसमें वनमंडलाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक कृषि, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, डीपीओ महिला एवं बल विकास,उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं,डीईओ, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, जिला जनसम्पर्क अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक अधिकारी, सीएमएचओ, जिला कार्यक्रम समन्वयक आयुष्मान भारत, जिला खेल अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, सहायक संचालक मत्स्य, उप संचालक पशु चिकित्सा, जिला आयुर्वेद अधिकारी, ईई पीएचई, उप संचालक समाज कल्याण, श्रम पदाधिकारी, सीएमओ बलौदाबाजार, प्रभारी अधिकारी भूअभिलेख एवं प्राचार्य डीबीडीके महाविद्यालय बलौदाबाजार शामिल हैं।

### इतवारी बाजार क्षेत्र में कई समस्याएं, लोग परेशान

**कोरबा, 12 दिसंबर।** कोरबा ईतवारी बाजार क्षेत्र में कई तरह की समस्याएं मौजूद है। इसमें सबसे बड़ी समस्या ट्रैफिक की है । इसके कारण यहां की व्यापारिक गतिविधियां बेहद प्रभावित हो रही हैं। साथ ही बाजार करने पहुंचने वाले लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, ईतवारी बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनीश मेमन ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम को कई बार इसकी जानकारी दी और शिकातय भी की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।कोरबा नगर का सबसे पुराना बाजार ईतवारी बाजार है। रविवार और गुरुवार को यहां सप्ताहिक बाजार लगता है। व्यापारियों की सुविधा के लिए नगर निगम ने पिछले सालों में यहां पौनी पसारी योजना तहत चबूतरे और छायादार शेड तैयार कराए, लेकिन शॉपिंग कांपलेक्स से लेकर आंतरिक मार्ग बदहाली का शिकार हैं। कई कारणों से लोगों की पहुंच मार्केट में नहीं हो पा रही है ।इसके चलते मुख्य मार्ग पर संचालित होने वाली दुकानों पर असर पड़ रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्रं. /अ 6 वर्ष 2023-24
ग्राम-नेवरा, प.ह.नं. 18,
रा.नि.मं.-तिल्दा

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक **कैलाश कुमार अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल पिता रामेश्वर लाल अग्रवाल द्वारा ग्राम नेवरा, पं.ह.नं. 18** स्थित परिवर्तित **भूमि शीट नंबर 03 भू-खण्ड क्रमांक 34** से खातेदार **रामेश्वर लाल अग्रवाल वो बद्रीप्रसाद** की मृत्यु हो चुकी है। अतः उक्त भूमि से खातेदार का नाम विलोपित कर आवेदकगणों का नाम दर्ज करने आवेदन पत्र पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 15.12.2023 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियांद बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

## एक नजर

### योग गुरु मां हंसा योगेंद्र 16 को रायपुर में



**रायपुर 12 दिसंबर।** द योग इंस्टीट्यूट की वर्तमान निर्देशिका, प्रख्यात योग गुरु एवं लेखिका मां हंसा जयदेव योगेन्द्र शनिवार 16 दिसम्बर को रायपुर पधार रही हैं। 1918 में स्थापित द योग इंस्टीट्यूट की 76 वर्षीय प्रमुख डॉ हंसा योगेन्द्र मुम्बई से प्रातः 9 बजे रायपुर विमानतल पर आकर द योग इंस्टीट्यूट, शंकर नगर रायपुर जायेंगी और शाम 3.30 से 5.00 बजे तक आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अपने अनुयाइयों को सम्बोधित करेंगी। रायपुर के संस्था प्रमुख मनजीत स्थापक ने बताया कि द योग इंस्टीट्यूट विश्व भर में योग के उन्नयन एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सतत सैलग्न है। यह संस्थान और रायपुर के लिए हर्ष का विषय है कि मां हंसा रायपुर पधार रही हैं जिनको सुनने के लिए बड़ी संख्या में जनमानस की उपस्थिति अपेक्षित है।

### आपसी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

**रायपुर, 12 दिसंबर।** चंदखुरी फार्म नगपुरा रोड में पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर लोहे के पाइप से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लिशांक टंडन 20 वर्ष ग्राम बरछा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी चंदखुरी फार्म नगपुरा रोड स्थित नहर के पास बैठा था, तभी आरोपी नीरज वर्मा अपने तीन अन्य साथियों के साथ आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर, 12 दिसंबर ।** ग्राम टोर स्थित शीतला मंदिर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक की मौत हो गई। वहीं दो महिलाओं को चोट आई है। मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक धनेश्वर साहू 44 वर्ष मांढर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक में चंपेश्वरी साहू व सुशीला साहू को बिठाकर कहीं जा रहा था, तभी ग्राम टोर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक धनेश्वर की मौत हो गई। वहीं चंपेश्वरी और सुशीला को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में विधानसभा पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चरित्र के संदेह में पत्नी को पीटा

**रायपुर, 12 दिसंबर।** राजातालाब काली मंदिर के सामने चरित्र पर संदेह कर युवक ने अपनी पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मंजू दीप 28 वर्ष राजातालाब की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसका पति वीरेन्द्र दीप 30 वर्ष ने प्रार्थिया के चरित्र पर संदेह कर गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### मानसिक रूप से विछिप्त युवक ने खुद पर लगाई आग

**भिलाई, 12 दिसंबर ।** भिलाई के सुपेला वेंकेटेश्वर टाकीज़ तलाब के पास मंगलवार सुबह 11 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक मानसिक विछिप्त युवक ने खुद पर आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद स्थानीय लोगो की सूझबूझ से युवक की जान बचाई गई,स्थानीय लोगो ने युवक के शरीर से आग बुझाकर इसकी सूचना डायल 112 को दी ,मौके पर पहुचे 112 की टीम ने युवक को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज जारी है। लोगो ने बताया कि युवक का नाम मंगेश हैं जिसकी उम्र30 वर्ष है, वह सुपेला के वेंकेटेश्वर टाकीज़ के आसपास का निवासी हैं और मानसिक रूप से विछिप्त भी हैं।

### श्री जीण महोत्सव 24 को

**रायपुर 12 दिसंबर।** श्री जीण माता सेवा समिति द्वारा श्री महामाया मंदिर परिसर, पुरानी बस्ती में 24 दिसम्बर को श्री जीण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दिन प्रातः नौ बजे श्री अम्बादेवी मंदिर, सत्ती बाजार में गणेश पूजा व आह्वान का कार्यक्रम होगा। प्रातः 11 बजे श्रृंगार दर्शन व ज्योत, भजन गंगा, सवामणी, छप्पन भोग तथा दोपहर दो बजे से आनंद परासर पुजारी श्री जीणधाम राजस्थान द्वारा मां जीण शक्ति का मंगल पाठ किया जाएगा। नेहा सिंह राजपूत कोलकाता, धीरज राजपूत कटिहार तथा अभिषेक शर्मा कोलकाता भजन पेश करेंगे। महोत्सव का यह चौदहवां वर्ष है।



# राज्यपाल हरिचंदन से मिले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

## शपथ ग्रहण समारोह का दिया औपचारिक निमंत्रण

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 12 दिसम्बर।** राजभवन में आज राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मिले। 13 दिसम्बर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए उन्हें विधिवत् आमंत्रित किया।

राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के सत्ता में आने के बाद नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री कल 13 दिसम्बर को शपथ लेंगे। साइंस कालेज मैदान में आयोजित इस समारोह में प्रधानमंत्री सहित भाजपा के अनेक दिग्गज नेता आएंगे। महानदी मंत्रालय के सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार मुख्यमंत्री ने अभी कैबिनेट मंत्रियों की कोई सूची नहीं दी है इसलिए सिर्फ मुख्यमंत्री के पद के शपथ ग्रहण होने की संभावना है। मुख्यमंत्री चाहे तो कल समारोह के पहले भी यह सूची मुख्य सचिव एवं इसकी एक प्रतिलिपि राज्यपाल को दे सकते हैं। साइंस कालेज मैदान में शपथ ग्रहण समारोह के लिए उच्चस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यह समारोह दोपहर दो बजे आयोजित किया गया है।



### मुख्यमंत्री से मिलने वालों का तांता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलने वालों का तांता लगा हुआ है। आज सुबह से लेकर देर शाम तक लोग बड़ी संख्या में उनसे मिलने आ रहे हैं। इस समय मंत्रिपरिषद में किसको शामिल किया जाएगा इसको लेकर भी चर्चा का बाजार गर्म है। भाजपा हाईकमान के निर्देश पर चौंकाने वाले नाम भी मंत्रिमण्डल में शामिल किया जा सकते हैं। उपमुख्यमंत्री के रूप में विजय शर्मा एवं अरुण साव भी शपथ ले सकते हैं। नए नियम के अनुसार 12 मंत्री ही बनाए जा सकते हैं लेकिन पूरे प्रदेश में 18 वरिष्ठ विधायक दावेदार के रूप में सामने आए हैं।

# भाजपा और कांग्रेस में नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश

■ भाजपा में नारायण चंदेल सहित अन्य नेता सक्रिय

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 12 दिसम्बर।** सत्ता परिवर्तन के पश्चात अब भाजपा और कांग्रेस में नए प्रदेश अध्यक्ष की तलाश शुरू हो गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का डिप्टी सीएम बनना तय है। भविष्य में रिक्त होने वाले पद के लिए अनेक दावेदार सामने आए हैं। चांपा-जांजगीर से भाजपा प्रत्याशी के हारने के बाद चंदेल सबसे ज्यादा सक्रिय हैं। कांग्रेस में दीपक बैज की हार होने के बाद नया अध्यक्ष तलाशा जा रहा है।

16 दिसम्बर से खर मास शुरू होने वाला है इसलिए यहां पर अगले महीने ही नए अध्यक्ष नियुक्ति हो पाएगी। नए चेहरों को अवसर दिया जा सकता है। कांग्रेस की हार के बाद अब दीपक बैज को हटाने की मुहिम तेज हो गई है। कांग्रेस में दीपक बैज के हटने के बाद अन्य पदाधिकारियों को भी हटाया जाएगा। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने समर्थकों को बैठाने के लिए लॉबिंग कर रहे हैं। अंबिकापुर से पराजित कांग्रेस प्रत्याशी टीएस सिंहदेव भी अपने समर्थकों को आगे लाना चाहते हैं। सीतापुर से पराजित प्रत्याशी अमरजीत भगत भी अध्यक्ष बनने की दौड़ में शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस संगठन में आमूलचूल परिवर्तन किया जाएगा। भाजपा में भी नए चेहरे लाए जाएंगे। सत्ता और संगठन के बीच उचित तालमेल बिठाने का प्रयास किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरा लोस चुनाव लड़ा जाएगा। इसलिए भाजपा के संकल्प पत्र को भी पूरा करने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

# छठवीं विधानसभा का प्रथम सत्र नए वर्ष में

■ प्रथम सप्ताह में विधायकों को दिलाई जाएगी शपथ

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 12 दिसम्बर।** प्रदेश में भाजपा की सत्ता आने के बाद अब विधानसभा सत्र का प्रथम सत्र नए वर्ष के प्रथम सप्ताह में बुलाया जाएगा। इस आशय के संकेत विस सचिवालय ने दिए हैं। इसमें नवनिर्वाचित विधायकों को प्रोटेम स्पीकर शपथ दिलाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में प्रति पांच वर्ष में दिसम्बर माह में सरकार का गठन कर लिया जाता है। इस सत्र में सबसे वरिष्ठ विधायक नए सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। बृजमोहन अग्रवाल सबसे वरिष्ठ विधायक हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा के 54 विधायक चुने गए हैं। कांग्रेस के अलावा गोंगपा के विधायक भी शपथ लेंगे। विधानसभा की कार्रवाई सीमित दिनों के लिए होगी जिसमें सरकारी खर्चों को पूरा करने के लिए अनुपूरक बजट पेश किए जाने की संभावना है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार प्रत्येक तीन माह में विधानसभा का सत्र बुलाया जाता है। इसलिए प्रथम सत्र के बाद तत्काल बजट सत्र बुलाया जाएगा। बजट सत्र में नई सरकार का बजट पेश किया जाएगा जिसमें भाजपा के संकल्प पत्र को पूरा करने की घोषणा की जाएगी।

### विष्णुदेव साय को बधाई एवं सुझाव



**रायपुर 12 दिसंबर।** आपको छग शासन के मुख्यमंत्री बनने पर हमारी समिति नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला महामंत्री सुभाष अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र छाबड़ा एवं सभी पदाधिकारियों की ओर से बहुत बहुत बधाई । हमारी समिति पिछले 4 वर्षो से जनता की भलाई के कार्य कर रही है। हमारी समिति में सभी पार्टी के नेता शामिल है जो एकजुट होकर जनता की समस्याओं के लिए संघर्ष करते है । पिछले 4 वर्षो से हमने नहरपारा की मुख्य सड़क चौड़ी करने के लिए संघर्ष किया जिसमें हमें सफलता मिली । सुझावः हमारा आपको सुझाव है कि पूर्ववर्ती सरकार ने 400 यूनिट बिजली पर आधा बिजली बिल में छूट दी थी आपसे निवेदन है कि इसे यथावत रखने की कृपा करें क्योंकि यह जनता की भलाई एवं लाभ का निर्णय है । यदि आपने इसे निरस्त किया तो जनता में असंतोष फैलेगा और पुराने नेता होने के कारण आप भली भांति जानते है कि जनता के असंतोष का असर चुनावों में पड़ता है बल्कि आपसे हमारा अनुरोध है कि जिस प्रकार दिल्ली में बिजली बिल में पूरी छूट है और पंजाब में 600 युनिट तक बिजली फ्री है उसी प्रकार छ.ग. में कम से कम 400 यूनिट तक बिजली की छूट प्रदान करने की कृपा करें तो हमारी समिति आपकी आभारी रहेगी और छ.ग. की जनता का बहुत बहुत आर्शीवाद आपको मिलेगा । हम आपके सफल प्रशासन एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते है ।

# रेलवे का रोलिंग ब्लाक पूर्ण, ट्रेनों की लेटलतीफी से मिलेगी राहत

**रायपुर, 12 दिसंबर ।** रेलवे ने 26 सप्ताह का रोलिंग ब्लाक पूरा कर लिया गया है। इससे उम्मीद जताई जा रही है कि विभिन्न सेक्शनों में चल रहे काम के पूरा होते ही ट्रेनों की लेटलतीफी काफी हद तक कम हो जाएगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रेललाइनों की मरम्मत और रखरखाव के लिए रोलिंग ब्लाक सिस्टम अपनाया है।

रेलवे मंडल के अधिकारियों ने बताया कि रेललाइनों की लाइनिंग, लेवलिंग, अलाइनमेंट बहुत ही महत्वपूर्ण है। रेललाइनों के नीचे बिछी गिट्टी या बैलास्ट कुशन का कार्य करती है। रेल पटरी पर ट्रेनों के भार को सही मात्रा में बांटकर संचालन के दौरान सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाता है। इसी क्रम में रेललाइनों के मरम्मत, रखरखाव के लिए रोलिंग ब्लाक सिस्टम अपनाया गया।



रेललाइनों में और भी कई प्रकार के मरम्मत के कार्य जैसे पुराने रेलों को बदलने, प्वाइंट एंड क्रासिंग, रेलवे पुलों आदि की भी मरम्मत व रखरखाव जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की आवश्यकता को पूरी करने ट्रैफिक ब्लाक की आवश्यकता होती है। इसके अलावा विद्युतीकृत रेललाइनों के ऊपर गुजरने वाली ओएचई विद्युत लाइनों की मरम्मत रेलवे के विद्युत ट्रैक्शन विभाग ब्लाक करता है। सिग्नल, आटोमेटिक प्वाइंट, क्रासिंग, सिग्नल और दूरसंचार से संबंधित अन्य उपकरणों की मरम्मत व रखरखाव के लिए ब्लाक की आवश्यकता होती है।


अधिकारियों ने बताया कि ब्लाक समय के दौरान दिन हो या रात, सर्दी, धूप हो या फिर बरसात कभी भी रेल के कर्मचारी ब्लाक में मिले समय का सदुपयोग करते हुए संरक्षित रेल परिचालन का काम करते हैं। साथ ही साथ इसी समय में रेलवे लाइनों पर ट्रैकों की मरम्मत करने वाली मशीनों से भी काम लिया जाता है। रेललाइनों पर जितना जरूरी ट्रेनों का समय पर चलना है, उतना ही जरूरी रेल परिचालन में संरक्षा को सुनिश्चित करना भी है।

### विप्र फन फेयर में छात्रों ने रोमांचक गेम्स और व्यंजनों का लिया आनंद



**रायपुर 12 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन शिक्षण समिति संचालित विप्र कला ,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में विप्र फन फेयर 2023 आनंद मेला में विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों सहित आसपास के गणमान्य नागरिकों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ रोमांचक गेम्स का मजा लिया। आनंद मेला का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने समस्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए का कहा कि इस प्रकार के आयोजन में आनंद के साथ-साथ सीखने सिखाने का भी मौका मिलता है ।आनंद मेला में विद्यार्थियों के छत्तीसगढ़ी स्वादिष्ट व्यंजन चीला ,फरा, चौसेला के साथ विभिन्न प्रांतो के स्वादिष्ट व्यंजनों गुपचुप, पापड़ी, कुल्फी, चाट, इटली, सैंडविच , ब्रेड पकोड़ा ,अप्पे आदि के स्टॉल ने सभी को लुभाया। छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों के स्टॉल ने भी आकर्षित किया। व्यंजनों की स्टाल लगाने वाले विद्यार्थियों ने व्यंजन बनाने की विधि भी अन्य विद्यार्थियों को बताया। इस प्रकार से विद्यार्थियों ने दूसरे प्रकार के व्यंजन बनाना भी सीखा ।इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि घर में ही स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अपने परिवार जनों को खिलाएंगे एवं बाहर से या बाजार में खाने की प्रवृत्ति को खत्म करने का प्रयास करेंगे।

### विप्र कॉलेज में राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता



**रायपुर 12 दिसंबर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में विप्र ट्रॉफी राज्य स्तरीय (इंटर सेक्टर) महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता आज 12 दिसंबर मंगलवार से प्रारंभ हुआ। राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह सुबह 10ः30 बजे संचालक शारिरिक शिक्षा रविवि डॉ विपिन चंद्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रो. गिरीश कान्त पांडेय (पूर्व कुलसचिव पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रायपुर ,राजनांदगांव, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, दुर्ग,बलौदाबाजार- महासमुंद ,रायगढ़ , कोरबा और जांजगीर-चांपा कुल 10 सेक्टर की टीम शामिल हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर विभिन्न विश्वविद्यालयों की महिला टीम का गठन भी किया जाएगा।

# किसानों को दो साल का बोनस 37 सौ करोड़ बांटेगी भाजपा सरकार

**रायपुर, 12 दिसंबर।** राज्य के धान उत्पादक किसानों को उनके दो साल के बोनस की बकाया राशि के रूप में 3700 करोड़ रुपए मिलने की संभावना है। दरअसल ये बकाया राशि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल की है। तब की भाजपा सरकार ये राशि किसानों को अदा नहीं कर पाई थी। इस बार के चुनाव में भाजपा ने वादा किया था कि सरकार बनने पर यह बकाया राशि अदा की जाएगी।

इस संबंध में सहकारिता से जुड़े बैंक अधिकारियों का कहना है कि दो साल की बकाया राशि 3700 करोड़ रुपए होने का अनुमान लगाया गया है। इधर भाजपा ने 25 दिसंबर को यह राशि जारी करने की तैयारी की है। बताया गया है कि वर्ष 2014-15 और वर्ष 2015-16 के दो साल की बोनस राशि के 3700 करोड़ रुपए किसानों को मिलने थे, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा बोनस पर प्रतिबंध लगाने के कारण यह राशि नहीं मिल पाई थी।

तत्कालीन भाजपा सरकार ने किसानों को 300 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने की बात कही थी, लेकिन यह वादा पूरा नहीं किया जा सका है। अब राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा, इसी दिन यह राशि अदा की जाएगी।

दूसरी ओर जानकार ये भी बताते हैं कि यह राशि बांटने में कुछ दिक्कतें भी हो सकती हैं। उस समय जिन किसानों ने धान बेचा था, उनमें से कुछ की मृत्यु हो चुकी है। यह संभव है कि कई किसानों ने अपनी जमीनें बेच दी हों। ऐसे में बोनस की राशि किसे देनी है, इसके निर्धारण में कठिनाई आ सकती है।

## प्रदेश भर में इन दिनों दिन एवं रात के तापमान में लगातार गिरावट

# ठंड में इजाफा होते ही सुबह की सैर हुई सुहानी

**रायपुर, 12 दिसंबर।** मिचौंग तूफान के जाते ही बादलों के छंटने के बाद रायपुर सहित पूरे प्रदेश भर में इन दिनों दिन एवं रात के तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। रात नौ बजे के बाद से ही ठंड जोरदार पड़ती है। सुबह के समय शहर के कुछ हिस्सों में गहरा कोहरा भी दिखाई दे रहा है। नियमित रूप से सुबह की सैर करने वाले गर्म कपड़े पहनकर बाग बगीचों में जहां रौनक बढ़ा रहे है वहीं योग करने वालों की संख्या में भी अन्य मौसमों की तुलना में वृद्धि देखी जा रही है। कुछ बगीचों में सुबह के समय वयोवृद्ध नागरिकों द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है वहीं कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित आक्सीजोन में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा हर शनिवार को पुराने नगमों के साथ संगीत संध्या का आयोजन भी स्वल्पाहार के साथ जारी है। मौसम वैज्ञानिक चंद्रा के अनुसार आने वाले दिनों में उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं से रायपुर सहित पूरे प्रदेश भर में तापमान में गिरावट होने से कड़ाके की ठंड पड़ेगी। प्रदेश के बस्तर एवं उत्तरी हिस्से में स्थित सरगुजा संभाग के जिले अंबिकापुर रामानुज गंज मनेंद्र गढ़ चिरमिरी कुनकुरी, रायगढ़, जशपुर नगर, बगीचा, सन्ना मनोरा पंडरापाठ एवं कुसमी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

### ठंड बढ़ते ही गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ी

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिसंबर माह में मौसम का मिजाज बदलने के फलस्वरूप जहां ठंड में इजाफा हुआ है वहीं फायर बिग्रेड चौक स्थित तिब्बती बाजार पंडरी बस स्टैंड, राजकुमार कालेज के पास, सुंदरनगर गेट के सामने एवं अन्य भीड़भाड़ वाले हिस्सों में गर्म कपड़ों की दुकान में ग्राहकों में गर्म कपड़ों की खरीदी होने से दुकानदारों के चेहरों पर मुस्कान देखी जा रही है। आने वाले समय में ठंड में वृद्धि होने के साथ ही गर्म कपड़ों की बिक्री में और वृद्धि होगी। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में गर्म कपड़ों के मूल्यों में भी इजाफा देखा जा रहा है। युवाओं एवं पुरुषों द्वारा पहने जाने वाला जैकेट फूल स्वेटर, हाफ स्वेटर महिलाओं के शॉल एवं कार्डिगन आदि सहित मफलर टोपी के मूल्यों में भी अच्छी खासी वृद्धि हुई है। जिसके चलते जहां ग्राहक हर वर्ष अलग अलग डिजाइन के कई गर्म वस्त्र ठंड में इस्तेमाल करते थे वहीं अब इस वर्ष एक या दो गर्म कपड़े ही खरीद पा रहे हैं।



# मुख्यमंत्री से मिलकर युवाओं ने दी बधाई

**रायपुर, 12 दिसंबर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री घोषित किए जाने के बाद कड़ी सुरक्षा में हैं। बावजूद इसके वे अपने मिलनसार स्वभाव के कारण जाने जाते हैं। कुछ ऐसा ही वाक्या नजर आया जब वे वीईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। श्री साय के मंदिर परिसर में आने की सूचना मिलने पर यहां से गुजर रहे नर्सिंग कॉलेज के कुछ युवा भी मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। इसके बाद नवनियुक्त मुख्यमंत्री को देखते ही युवाओं ने उन्हें अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी।

श्री साय ने भी युवाओं के साथ आत्मीयता के साथ मिले और संक्षिप्त चर्चा की। श्री साय ने कहा कि हमें छत्तीसगढ़ के विकास की अहम जिम्मेदारी मिली है। इसकी शुभ शुरुआत मंदिर दर्शन से की है और आप सभी ऊर्जा से भरे हुए युवाओं का साथ मिला है। यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए आप सभी युवाओं का सहयोग जरूरी है। युवाओं ने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के नव निर्माण में हम आपके साथ खड़े हैं और युवा पूरी उत्साह से नये साल से छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने के लिए कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। युवाओं ने कहा कि हम नियमित रूप से राम मंदिर आते हैं। आज अपने बीच मुख्यमंत्री को पाकर बहुत अच्छा लगा। यह बहुत अच्छी बात है कि मुख्यमंत्री ने अपने नए कार्यकाल की शुरुआत भगवान श्री राम के दर्शन से की है। जब भी कोई शुरुआत आस्था के साथ होती है तो इसके परिणाम बहुत अच्छे होते हैं। हमें भारतीय परंपरा में सिखाया जाता है कि हर अच्छे कार्य की शुरुआत ईश्वर के दर्शन के साथ हो तो काम अच्छा होता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23